हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

मूल्य : दो रुपए

RNI No. : JHAHIN - 01092

rashtrasamvad.com

जमशेदपुर,गुरूवार

30.01.2025

नगर संस्करण

वर्ष : 01,अंक :258


## सुविचार

सब चीज़ व्यर्थ हो सकती है पर आपका अनुभव कभी व्यर्थ नहीं हो सकता ।

# महाकुंभ:भगदड़ में 35 से 40 मौतें

## यूपी सरकार बोली- 30 लोग मारे गए, 25 की शिनाख्त; 60 घायल



**प्रयागराज ,एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट मंगलवार और बुधवार की आधी रात को हुई भगदड़ में 35 से 40 लोग मारे गए हैं। हादसे के 17 घंटे बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। शाम 6.30 बजे मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और DIG वैभव कृष्णा ने 3 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। DIG वैभव कृष्ण ने कहा- भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 60 लोग घायल हैं। 25 शवों की पहचान कर ली गई है।

उन्होंने कहा कि भगदड़ में मरने वालों में यूपी के सबसे ज्यादा 19, कर्नाटक के 4, गुजरात और असम के एक-एक श्रद्धालु की मौत हुई है। उन्होंने कहा- घाट पर कुछ



बैरिकेड्स टूट गए थे, जिसकी वजह से कुछ लोग जमीन पर सो रहे कुछ श्रद्धालुओं पर चढ़ गए। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि मेले में कोई वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा- जो श्रद्धालु महाकुंभ में आएं हैं, उन्हें वापस भेजने के लिए काम किया जा रहा है। अब सवाल न करें। वहीं, सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख का मुआवजा देने का ऐलान किया है। जब हादसा हुआ, उस समय लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान के लिए इंतजार कर रहे थे।भगदड़ के बाद मीडिया सृष्टि मेडिकल कॉलेज पहुंचीं, जहां हादसे में मारे गए लोगों के शव रखे गए थे। मेडिकल कॉलेज में मीडिया ने 20 शव गिने। यहां आखिरी डेडबॉडी पर 40 नंबर लिखा था। इससे पहले मेडिकल कॉलेज में 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए थे। फिर मेले से 8-10 एंबुलेंस से कुछ और शवों को लाया गया। इन्हें मिलाकर करीब 20 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं।

### भगदड़ की 2 संभावित वजह

- अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इस कारण संगम पर लाखों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। इस दौरान बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ मच गई।
- संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए।

## पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हुए हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोनुवा थाना के विलायती टोला के समीप जंगली, पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों की ओर से सुरक्षाबलों को देखकर गोलाबारी प्रारंभ कर दी गई। आत्मरक्षार्थ सुरक्षाबलों के जरिये भी जवाबी कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली दस्ता के सदस्य पहाड़ एवं घने जंगल का लाभ लेते हुए भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद आस-पास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पुरुष और एक महिला नक्सली का शव बरामद किया गया। इसके साथ ही, हथियार बरामद किया गया।

मृत नक्सलियों की पहचान प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के जेडसीए विनय गंझू उर्फ संजय गंझू उर्फ बारिया उर्फ भुखन उर्फ संजय और एसीएम हेमन्ती मंझियाईन के रूप में की गयी। सर्च अभियान के दौरान दो इंसास रायफल, 313 जिंदा गोली, नौ इंसास का मैगजीन, पांच पीस मेट्रोला सेट, 28 डेटोनेटर, दो मैगजीन पाउच, चार पीस काला वर्दी पेन्ट सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि कि सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि 15 लाख रुपये का इनामी नक्सली अमित मुंडा अपने दस्ते के साथ हिंसक विध्वंसक नक्सली गतिविधियों के लिए सोनुआ इलाके में सक्रिय है।

## पीएलएफआई का एरिया कमांडर मंगल पांडेय सहित नौ आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची, (हि.स.)।** मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप (तमाड़) में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले करने के मामले में पीएलएफआई का एरिया कमांडर मंगल पांडेय सहित नौ आरोपितों को साक्ष्य के अभाव बरी कर दिया गया। उन्हें अपर न्यायुक्त शैलेन्द्र कुमार की अदालत से बरी किया गया। मामला चार मार्च 2016 का है। मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप के कर्मचारी के बयान पर तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में कहा गया था कि चार मार्च 2016 की रात 11¬45 बजे तीन मोटरसाइकिल में सवार होकर छह लोग और पैदल आठ लोग मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप के बेरियर में घुस गये थे। उसमें कुछ लोग हथियार से लैस थे। बेरियर में घुसते ही ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारी की मोबाइल छीनकर पूछने लगे इंचार्ज कौन है।

## मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू

**मुंबई ,एजेंसी।** मुंबई के प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मंदिर के मैनेजमेंट ने मंदिर में आने वालों के लिए ड्रेस कोड तय किया है। स्कर्ट या रिवीलिंग ड्रेस (खुले कपड़े) पहनकर आने वालों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जाएगी। नया नियम अगले हफ्ते से लागू होगा। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट (स्स्लञ्ज्ञ्ज) ने कहा, %मंदिर आने वालों को सभ्य और शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने होंगे। ऐसा नहीं करने पर श्रद्धालुओं को प्रभादेवी एरिया में एंट्री की परमिशन नहीं होगी। ट्रस्ट ने कहा कि मंदिर में देशभर से हर रोज हजारों श्रद्धालु आते हैं। कई लोग कपड़ों को लेकर शिकायत करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पूजास्थल में छोटे कपड़े पहनकर आना अपमानजनक है।

## ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे और सुश्री निक्की प्रधान को मिला सम्मान

# देश और दुनिया में हमारी बेटियों ने अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया :मुख्यमंत्री हेमन्त

- जमीन के साथ अपना घर बनाने के लिए राज्य सरकार देगी 35 लाख रुपए
- राज्य सरकार ने बेहतर खेल नीति बनाई

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी में राज्य एवं देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे और सुश्री निक्की प्रधान को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन का कागजात सौंपा। राज्य सरकार ने आज आधिकारिक तौर पर झारखंड की दो बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान के खेल उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राजधानी रांची में उनका अपना घर होने के सपने को आखिरकार पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कर कमलों से इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर - 10 (बी) तथा 10 (ए) में 3750-3750 वर्ग फ़ीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए उन्हें प्रदान की गई।

**देश और दुनिया में हमारी बेटियों ने अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया :**इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है। हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नही बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से झारखंड की बेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने प्रदर्शन की बदौलत कई बार हमारी बेटियों ने लोगों को आश्चर्यचकित किया है कि झारखंड जैसे पिछड़े और आदिवासी बहुत क्षेत्र जहां सीमित संसाधनों में तैयारी कर इतनी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई ऐसे मौकों पर देखने को मिला कि राज्य के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने खेल पर फोकस करते हुए नई रास्ता तलाशने का काम किया है जिससे यहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने रांची में हॉकी के अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ-साथ कई बड़ी-बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक कर दिखाया है।

### राज्य सरकार ने वादा पूरा किया

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान को रांची में भूखंड देने का निर्णय हमारी सरकार का ही था। आज ये वादा हम पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भूखंड देने के साथ-साथ यह भी घोषणा किया कि इन दोनों खिलाड़ियों को अपना आशियाना बनाने के लिए राज्य सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपए उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ भले हमारी ये स्टार बेटियां आर्थिक रूप से मजबूत हुई हों, परंतु संघर्ष के दिनों में जब मैं इनके गांव-घर पहुंचा था तब इनकी आर्थिक स्थिति को देखा था, उसी समय किया गया वादा आज मैं पूरा कर रहा हूं। आज हमारी इन बेटियों को मिल रहा सम्मान राज्य के अन्य बेटियों एवं युवा वर्ग के लिए आशा और अवसर का प्रतीक बनेगा, इनसे प्रेरित होकर राज्य के अन्य खिलाड़ी अपने हुनर और प्रदर्शन को बेहतर करने का काम करेंगे।

## महाकुंभ : दूसरा अमृत स्नान संपन्न, मौनी अमावस्या पर सभी 13 अखाड़ों ने सादगी के साथ त्रिवेणी में लगाई पुण्य डुबकी



**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान पर्व संपन्न हो गया। मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर घटी घटना के बाद अखाड़ों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान करने का अवसर दिया और बाद में सांकेतिक रूप से अमृत स्नान किया।

त्रिवेणी के तट पर लगे आस्था के महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान पर्व संपन्न हो गया। प्रशासन के मुताबिक मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर शाम 6 बजे तक करोड़ों लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई। महाकुंभ में घटी घटना के बाद अखाड़ों के संतों ने संवेदनशीलता दिखाई।

यह पहला मौका था जब साधु-संतों, नागा संन्यासी और अखाड़ों ने संगम में ऐतिहासिक प्रथम स्नान की प्रतिज्ञा तोड़ दी। परिस्थिति को देखते हुए अखाड़ों ने अपने ब्रह्म मुहूर्त के अमृत स्नान को स्थगित कर दिया और श्रद्धालुओं को पहले स्नान का अवसर दिया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि सर्वसम्मति से सभी अखाड़ों ने निर्णय लिया कि हालात को देखते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान का अवसर दिया जाए। स्थिति सामान्य होने पर अखाड़ों ने अपनी भव्य अमृत स्नान की परंपरा का त्याग कर दिया और सांकेतिक रूप से स्नान कर परंपरा का निर्वहन किया। प्रयागराज महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान में मौनी अमावस्या पर देश के तीन पीठों के शंकराचार्यों ने भी त्रिवेणी के संगम में डुबकी लगाई।

## कैबिनेट का फैसला: सीएनटी एक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में मतियस विजय टोप्पो बर्खास्त

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्ताव पारित किए गए। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी रांची मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट की धारा 71 ए का उल्लंघन करते हुए 1969 के पहले की भूमि को बिना जांचे नियमित किया। 30 वर्ष के टाइम बांड के नियम का भी उन्होंने उल्लंघन किया। टोप्पो अभी निदेशक डीआरडीए हजारीबाग के पद पर कार्यरत हैं।

बैठक के बाद अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नंबर 777/2023, राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा उक्त से उद्भूत अवमानना वाद संख्या 190/2024 राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य के क्रम में राज कुमार राम, सेवानिवृत पदचर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने एवं



अनुमान्य वित्तीय लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई।उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वाद डब्लूपीएस नंबर 7081/2023 विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के आलोक में विजय कुमार ठाकुर, सेवानिवृत्त को वरीय अनुदेशक (तदर्थ रूप से नियुक्त), हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केन्द्र, जमशेदपुर की सेवा नियमित करते हुए पेंशनादि लाभों की मंजूरी दी गई। इसी प्रकार निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी ) दर में वृद्धि (12.00 प्रतिशत के स्थान पर 18.00 प्रतिशत) के परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कार्य संविदाओं में भुगतान-अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गई।

उन्होंने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ÷झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना लागू करने की मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय, डब्लूएस नंबर 4074/2016, रश्मि प्रसाद बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा डब्लूपीएस नंबर 4418/2016, दीपक कुमार बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य वाद में 23 जनवरी 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में वादी की स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान में नियुक्ति के अनुमोदन के लिए गैर-सरकारी सहायता प्राप्त भाषायी अल्पसंख्यक विद्यालय, श्री डोरण्डा बालिका उच्च विद्यालय, में सहायक शिक्षकों के दो छाया पद, 26 फरवरी, 2009 से 31 दिसम्बर, 2017 तक की अवधि के लिए सृजन की स्वीकृति दी गई।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को दी मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दी और मोलेसेस तथा गन्ने के रस की नई कीमतों को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद बताया, ÷आज सबसे बड़ा फैसला किसानों के हित में लिया गया है। हम सब जानते हैं कि इथेनॉल के उपयोग से देश की इकॉनोमी को बहुत बड़ा फायदा हुआ है। यह किसानों के लिए फायदेमंद रहा है, विदेशी मुद्रा की बचत करता है और पर्यावरणीय स्थिरता का समर्थन करता है। अक्टूबर में समाप्त हुए पिछले इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) में, इथेनॉल ने 40,000 करोड़ रुपये के लाभ में योगदान दिया। उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि गन्ने से तीन चीजें निकलती हैं - जिनमें सी हैवी मोलेसेस, बी हैवी मोलेसेस और गन्ने का रस शामिल है। इन तीनों की खरीद कीमतों को आज कैबिनेट द्वारा मंजूरी दे दी गई। इसका जितना उपयोग इथेनॉल बनाने में होगा, उतना ही यह देश, किसानों और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, इसलिए इसे प्रमुखता से बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से आने वाली पीढ़ी, अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इसी श्रृंखला में आज प्रधानमंत्री ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दी है। यह प्रोजेक्ट हमारी अर्थव्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण है। नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन में 16,300 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसे छह वर्ष के लिए मंजूरी दी गई है। उल्लेखनीय है कि नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन द्वारा भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कंपनियों को विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्ति प्राप्त करने और साधन संपन्न देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिज भंडारों का भी विकास होगा।




# सरकार मदद करे तो प्रशांत जीत सकते हैं मिस्टर वर्ल्ड और मिस्टर एशिया का खिताब

आनंद सिंह

**-जो कमाते हैं, वह भोजन और वर्कआउट में ही हो जाता है खर्च**



प्रशांत कुमार सिंह को सरकारी खर्च चाहिए. उनका लक्ष्य है मिस्टर वर्ल्ड और मिस्टर एशिया का खिताब जीतना. वह मानते हैं कि अब जिम का खर्च बढ़ गया है. वह जितना कमाते हैं, सब उनकी डाइट और एक्सरसाइज में ही चला गया है. अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, देश का नाम रौशन करने के लिए वह एनजीओ की भी मदद चाहते हैं.

**कौन हैं प्रशांत कुमार सिंह?** प्रशांत टेल्को, जमशेदपुर के निवासी हैं. वह बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रुचि लेते रहे. 2 सितंबर 1993 को जन्मे प्रशांत शॉटर्पुट, डिस्कस थ्रो और रस्सीखींच में खासे रमे रहे. इन तीनों खेलों में उन्होंने अपना बेहतरीन दिया और यही वजह थी कि उन्हें लगातार कई वर्षों तक टाटा एथलेटिक मीट में प्रतिनिधित्व करते रहने का मौका भी मिला. 2021 से प्रतिनिधित्व का जो क्रम चला, वह आज तक बरकरार है.

**बॉडी बिल्डिंग में कैसे आए?** अपने बड़े भाई, पंकज कुमार सिंह को वह बॉडी बिल्डिंग करते देखते थे. 2015 में उन्होंने भी अपने अग्रज के साथ बॉडी बिल्डिंग शुरू कर दी. उन्हें ही अपना उस्ताद मान लिया. पिता प्रभुनाथ सिंह पहलवानी में थे. घर में कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग का माहौल रहा. टेल्को के जिम में ही प्रैक्टिस करते थे. पंकज सिंह मर्चेंट नेवी में अभी भी कार्यरत हैं और चीफ ऑफिसर के पद पर हैं. शुरूआती दिनों में उन्होंने ही कोचिंग दी. प्रशांत फिलहाल टाटा मोटर्स में कार्यरत हैं और टाउन वार्डन की भूमिका निभा रहे हैं.

**10 साल में क्या हासिल किया?** प्रशांत ने बॉडी बिल्डिंग में भरपूर नाम कमाया. वह 2015 में ओवरऑल मिस्टर झारखंड बने. इसके बाद 2016 में ओवरऑल मिस्टर झारखंड बने. 2017 में जूनियर मिस्टर इंडिया बने. 2017 में ओवरऑल मिस्टर झारखंड बने.

2018 में ओवरऑल मिस्टर झारखंड के खिताब पर कब्जा जमाया.

2021 में फिर से ओवरऑल मिस्टर झारखंड चुने गये. 2022 में ओवरऑल मिस्टर झारखंड रहे और 2023 में सतीश शुगर क्लासिक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया. 2023 में डॉक्टर फ्लैक्स क्लासिक बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मेडल (100 किग्रा से ऊपर के वजन में) प्राप्त किया. 2024 में एक बार फिर से उन्होंने ओवरऑल मिस्टर झारखंड का खिताब जीता. 2024 में वह आयरन मैन ऑफ झारखंड बने. 2024 में ही सीनियर मिस्टर इंडिया में पांचवां स्थान हासिल किया. 2024 में ईस्ट इंडिया ओवरऑल चैंपियन बने और 2024 में फिटएक्सपो में तृतीय स्थान (ब्राउंज मेडल) प्राप्त किया. आखिरी में, इस साल संपन्न सीनियर मिस्टर इंडिया का रनर अप रहे. इस तरह से देखें तो हर साल उन्होंने कुछ न कुछ हासिल ही किया और ओवरऑल मिस्टर झारखंड पर तो जैसे उनका ही कब्जा रहा.

**खुराक क्या लेते हैं प्रशांत?** प्रशांत सुबह के नाश्ते में 12 अंडे और फल लेते हैं. दोपहर के भोजन में 300 ग्राम चिकन और राइस लेते हैं. रात के खाने में 300 ग्राम फिश और राइस का सेवन करते हैं. प्रोटीन सप्लीमेंट दो बार लेते हैं. दोनों बार जब वर्कआउट कर लेते हैं.

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत लाभुकों के बीच किया गया ऋण का वितरण




राष्ट्र संवाद सं

भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय ,गोड्डा के तत्वाधान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बैद्यनाथ उरांव ,उप-महाप्रबंधक,देवघर जोन श्री अभिजीत पांगरेकर, क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कामेश्वर कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक कौशल के विकास में मदद की जाती है। इसके तहत शिल्पकार अपने उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाकर लाभान्वित हो सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य रियायती दर पर अपने हाथ और औजार से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को संपूर्ण सहायता प्रदान करना है। इस योजना में 18 व्यवसायों में लगे कारीगर और शिल्पकार शामिल हैं; जैसे बढ़ई (सुथार/बधाई), नाव निमार्ता, कवच निमार्ता, लोहार (लोहार), हथौड़ा और टूल किट निमार्ता, ताला बनाने वाला, सुनार (सोनार), कुम्हार (कुम्हार), मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/झाडू निमार्ता/ बुनकर, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले कारीगर, नाई,मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने के जाल बनाने वाले कारीगर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रानीश्वर प्रखंड में नहीं थम रहा अनाज वितरण में अनियमितता का मामला



रानीश्वर(दुमका)

रानीश्वर प्रखंड में पीडीएस विक्रेताओं की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही गरीब असहायों को दिए जाने वाले राशन में डीलर द्वारा अनियमितता बरतने का मामला लगभग प्रतिदिन आ रहा है परन्तु इन गरीबों की शिकायत पर कार्रवाई के बजाय सिर्फ कारवाई का आश्वासन दिया जाता है ऐसे ही एक मामले में सादीपुर पंचायत के खुदलिसपुर गांव के राशनकार्ड धारी किसन राय, लखी रानी राय, दशरथ राय, मंतोष राय, चंदन राय, रासु राय, अष्टमी आदि ने शादीपुर पंचायत अन्तर्गत जयपहाड़ी के डीलर देवीधन हांसदा पर आरोप लगाया है कि पीडीएस दुकानदार प्रत्येक कार्डधारी से दाल के एवज में 5 रुपए की वसूली कर रहा है इतना ही नहीं पीडीएस दुकानदार प्रत्येक कार्डधारी को एक दो किलो करके चावल भी कम दे रहा है कार्डधारियों ने बताया कि राशन कम देने का कारण पूछने पर पीडीएस दुकानदार ने कहा कि कहा कि ऊपर से ही आदेश है।

इस संबंध में सहायक गोदाम प्रबंधक बिश्वनाथ सिंह से प्रतिक्रिया जानने पर बताया हैं कि जांच कर नियमानुसार करवाई की जाएगी।

## दो दिवसीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का हुआ समापन, विधानसभा अध्यक्ष ने किसान मेले का लिया जायजा

निजाम खान। राष्ट्र संवाद



**जामताड़ाः** जामताड़ा जिले के गांधी मैदान, जामताड़ा में चल रहे दो दिवसीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आज समापन हुआ।

कृषि मेला में अध्यक्ष, झारखंड विधानसभा रविंद्रनाथ महतो ने मेले का निरीक्षण किया एवं किसानों को संबोधित किया। इससे पूर्व उनके आगमन पर शॉल एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।

माननीय अध्यक्ष ने कृषि विभाग द्वारा सब्जी और फल की प्रदर्शनी के अलावा सहकारिता, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, गव्य विकास, लीड बैंक द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय अध्यक्ष श्री रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि जिले के किसान काफी मेहनती हैं। आप सभी पारंपरिक कृषि से ऊपर उठकर वैज्ञानिक तरीके से नई तकनीकों को अपनाकर खेती करें, विभिन्न प्रकार के फलों, सब्जियों एवं फूलों के अलावा अन्य चीजों का उत्पादन करें। अपनी ऊर्जा को इस जमीन में लगाएंगे तो जिला के साथ साथ राज्य भी आगे जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विषय पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी स्वयं को संपन्न कहते हैं लेकिन घर मेली अतिथि आ जाए तो थैला लेकर बाजार निकल जाते हैं दूध पैकेट का, सब्जी बाजार का, ऐसे में सम्पन्नता नहीं आएगी। किसान तभी संपन्न कहलाएंगे जब आप बिना बाजार गए अतिथि का सत्कार कर सकते हैं।

### प्रखंड सभागार में पंचायत भीएलई के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन




कुंडहित (जामताड़ा): सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-2026 की सफल क्रियान्वयन हेतू बुधवार को दोपहर 12 बजे प्रखंड सभागार में भीएलई का संकुल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी ग्राम स्तरीय उद्यमियों को कहा कि बढ़िया से प्रशिक्षण दीजिए और सही ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही सबकी विकास सबकी योजना को सफल बनाने के लिए कहा गया। वही डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत जिला एवं प्रखंड स्तर के मास्टर प्रशिक्षक कार्तिक मंडल ,भवेश मंडल? एंव प्रखंड समन्वयक अनूप मंडल द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया ।

मौके पर 15 वे वित्त आयोग प्रखंड कोऑर्डिनेटर अनूप मंडल ने कहा कि झारखंड पंचायती राज विभाग के प्रयास से ग्राम पंचायतों में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य के डिजिटल पंचायत योजना के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यरत श्छए को ई- ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल और गेम पोर्टल पर संकुलस्तरीय दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया गया।

## सादा पान मसाला की बिक्री पर लगेगा प्रतिबंध : डॉ. इरफान अंसारी

राष्ट्र संवाद सं




रांचीः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आपात बैठक कर राज्य में गुटखा और नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि झारखंड में सादा पान मसाला भी प्रतिबंधित किया जाएगा, क्योंकि इसके नाम पर दुकानों में खुलेआम गुटखा बेचा जा रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि गुटखा और तंबाकू उत्पादों के सेवन से झारखंड के युवा शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं, जिससे वे गलत राह पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹हमारी सरकार किसी भी सूरत में यह बर्दाश्त नहीं करेगी कि राज्य का युवा नशे की गिरफ्त में जाए।

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दवा दुकानों की तत्काल जांच शुरू की जाए, क्योंकि कई मेडिकल स्टोर्स में नशीले सिरप और स्टेरॉयड धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं, जो युवाओं को नशे की ओर धकेल रहे हैं। मंत्री ने सभी सिविल सर्जनों और ड्रग इंस्पेक्टरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री होती पाई गई, तो वे स्वयं भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। आगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा की ₹अब जब मैं इस विभाग का मंत्री बना हूं, तो यह मेरी नैतिक और संवैधानिक ज़िम्मेदारी है कि राज्य में ऐसे अवैध कार्यों को जड़ से खत्म करूं। मैं खुद डॉक्टर हूं और मुझे भली-भांति पता है कि गुटखा और नशीले पदार्थों का हमारे युवाओं के स्वास्थ्य पर कितना घातक प्रभाव पड़ता है।बैठक के दौरान मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सिविल सर्जनों के पास पर्याप्त अधिकार हैं कि वे अपने-अपने जिलों में मेडिकल स्टोर्स की जांच कर नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाएं। उन्होंने कहा, ₹अगर किसी भी दुकान में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पाई जाती है, तो तत्काल दुकान को सील किया जाएगा।

## उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति समिति की बैठक सम्पन्न




राष्ट्र संवाद सं

उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति सह त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति (डीएलसीसी/डीएलआरसी) की बैठक आहूत की गई।

बैठक में सीडी रेश्यो (ऋण/जमा अनुपात), वार्षिक ऋण योजना, वार्षिक ऋण योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों की समीक्षा, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल जिला की प्रगति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि, विभिन्न ऋण में एनपीए की समीक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजना की समीक्षा, पीएम जन धन योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र द्वारा भेजे ऋण आवेदन एवं स्वीकृति की समीक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया।

बैठक में समीक्षा के दौरान उपायुक्त कुमुद सहाय ने जिले में सभी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली।

## श्रीमद्भागवत कथा के दुसरे दिन राजा परीक्षित के प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं



फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खामारवाद पंचायत के कालूपहाड़ी गाँव बजरंगवली मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस बुधवार को कथा में परिक्षित का उपदेश और विदुर प्रसंग, हिरण्यकश्यप वध, ध्रुव-चरित्र कथा वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। वृंदावन धाम के कथा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कथावाचक गोपाल नंदन महाराज ने कथा की शुरूआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। इसी दौरान परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे। इसलिए पानी नहीं पिला सके । परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया । यह सूचना पास में खेल रहें बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा । समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित है और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है । समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे वहाँ बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे।

## युवा जमशेदपुर की पहल पर रांची चाणक्य होटल में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**वन स्टॉप सेंटर को बेहतर और सशक्त बनाने पर मंथन**

**जमशेदपुर।** वन स्टॉप सेंटरों को सशक्त और सुविधा युक्त बनाने को लेकर सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा ) की पहल पर क्रिया ,नई दिल्ली के सहयोग से होटल बी एन आर चाणक्य ,रांची में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महुआ माजी और विशिष्ट अतिथि के रूप में ए डी जी एवं राज्य स्तरीय महिला कोषांग की प्रभारी सुमन गुप्ता के रूप में शामिल हुए.

जघन्य निर्भया कांड के बाद देश भर के विभिन्न जिलों में हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए अस्थाई आश्रय गृह वन स्टॉप सेंटरों/सखी सेंटरों की शुरूआत हुई.धीरे धीरे झारखंड के 24 जिलों में भी वन स्टॉप सेंटरों का शुभारंभ हुआ जो आज भी कार्यरत हैं.लेकिन सही मायनो में प्रत्येक पीड़ित महिला व विकलांगजनों तक इसकी सक्रियता और पहुंच बढाने के लिए कई कठिन चुनौतियां हैं जिनकी तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए संस्था ह्ययुवाह्न की सचिव वणार्ली चक्रवर्ती के नेतृत्व में रांची के बीएनआर चाणक्या होटल में एक वृहद परिचर्चा का आयोजन किया गया.इसमें राज्य सभा सांसद महुआ माजी बतौर मुख्य अतिथि और एडीजी सह महिला कोषांग प्रभारी सुमन गुप्ता विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुईं.

**सर्वे रिपोर्ट जारी**

कार्यक्रम की शुरूआत में युवा की ओर से एक सर्वे रिपोर्ट को जारी किया गया जिसमें बताया गया कि राज्य के 24वन स्टॉप सेंटरों में मात्र पांच सेंटर, कोडरमा, रामगढ, सरायकेला, लोहरदगा और धनबाद में ही सेंटर 24 घंटे कार्यरत हैं. बाकी सेंटरों में इंफ्रास्ट्रक्चर की काफी कमी की वजह से 24घंटे सुविधा उपलब्ध नहीं है.जहां 24घंटे चल रहे वहां भी कम मुश्किलें नहीं हैं.कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न जिलों के वन स्टॉप सेंटरों के प्रतिनिधियों ने अतिथियों के समक्ष अपने सेंटरों की परेशानियों को साझा किया.जमशेदपुर सेंटर से डालसा की प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद लक्ष्मी बिरुआ ने बताया कि जमशेदपुर में वन स्टॉप सेंटर रेड क्रॉस भवन के तीसरे तल्ले पर होने और लिफ्ट न होने से पहले से महिलाओं के लिए यह और भी मुश्किल हो जाता है.

## मां माघी काली पूजा धूमधाम मनाया गया

राष्ट्र संवाद सं



**फतेहपुर :** फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत खामारवाद पंचायत के सालपातड़ा गाँव में देर रात्रि धूमधाम के साथ माघी काली पूजा की गई। पूजा के दौरान माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा के परंपरागत रूप से पूरी की गई। पूजा की शुरूआत कलश स्थापना के साथ हुई। गाँव के नजदीक जलाश्य से पवित्र जल लाकर कलश स्थापित कर के देर रात तक पंडित के द्वारा पूजा-पाठ की गई। इसी दौरान मां काली मंदिर अपने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को लेकर इस क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है। काली मंदिर के प्रसिद्धि बहुत दूर-दूर तक फैली हुई है। यह मंदिर न केवल अपनी अलौकिक व चमत्कारिक शक्ति के लिए जाना जाता है। बल्कि मंदिर की अलौकिक शक्ति को लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों कि संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माँ काली की पूजा-अर्चना किया । अपने मनोवांछित कामनाएं मांगे एवं पूजा के अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे। लोगों में यह विश्वास है कि इस मंदिर में सच्चे मन से मांगी मुराद माँ काली माता पूरा करती है।

## भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में कोल इंडिया शामिल, ग्रेट प्लेस टू वर्क से मिला सम्मान

ओम प्रकाश शर्मा, आसनसोल/धनबाद



कोल इंडिया लिमिटेड को प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में स्थान मिला है। यह सम्मान 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 कंपनियों के व्यापक सर्वेक्षण के बाद दिया गया। यह मान्यता कोल इंडिया की अपनी कार्यसंस्कृति में विश्वास, गर्व और सौहार्द को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इससे पहले भी कोल इंडिया को समावेशी और टिकाऊ संगठन के रूप में ग्रेट प्लेस टू वर्क की मान्यता मिली थी। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अधीन महारत्न कंपनी कोल इंडिया देश की 80% से अधिक कोयला मांग को पूरा करने में अहम भूमिका निभाती है और परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण तथा पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए भारत के ऊर्जा क्षेत्र और आर्थिक विकास में योगदान दे रही है। कोल इंडिया अपने कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और प्रगतिशील कार्यस्थल उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देती है। कंपनी कौशल विकास, नवाचार और आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देकर अपने कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण तैयार कर रही है। यह उपलब्धि कंपनी के नेतृत्व की दूरदर्शिता और कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। कोल इंडिया सतत विकास के सिद्धांतों का पालन करते हुए सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को भी प्राथमिकता देती है। इसके विभिन्न कोयला खदानों में अत्याधुनिक उपकरणों और डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सके। कंपनी का लक्ष्य है कि कोयला उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दिया जाए।

# जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विभिन्न जनसमस्याओं पर विधायक पूर्णिमा साहू ने टाटा स्टील के वीपीसीएस चाणक्य चौधरी के संग की बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जनहित के कई मुद्दों पर त्वरित समाधान की मांग की**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को लेकर विधायक पूर्णिमा साहू लगातार प्रयासरत हैं। बुधवार को उन्होंने टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी के संग बैठक की और क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं को गंभीरता से रखते हुए त्वरित समाधान की मांग की। एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में हुई इस बैठक में विधायक पूर्णिमा साहू ने जलापूर्ति, सीवरेज, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों के लिए नए बिजली कनेक्शन पर सिक्योरिटी राशि जमा करने के नियम से छूट देने की बात कही। उन्होंने कहा कि ये लोग समाज के सबसे निचले पायदान पर हैं और इनके लिए



विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें। इसके साथ हीं, गोलमुरी क्षेत्र के पंजाबी रिफ्यूजी कॉलोनी में पानी कनेक्शन पर लगाए गए 5 हजार रुपये के जुमार्ने को समाप्त कर सभी परिवारों को वैध कनेक्शन दिया जाए। इसी तरह, सिंधी रिफ्यूजी कॉलोनी में सीवरेज की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। जिसका गंदा पानी घरों में घुस रहा है, इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ा नाला जाम होने के कारण भी लोगों को कठिनाइयों से जूझना पड़ रहा है, जिसकी तत्काल और अविलंब सफाई आवश्यक है।

वहीं, विधायक पूर्णिमा साहू ने मोहरदा जलापूर्ति योजना के तहत शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में जल संकट को दूर करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल निरंतर उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, सीएसआर के तहत बस्ती इलाकों में सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने का प्रस्ताव दिया गया। विधायक ने कहा कि सीएसआर के तहत इन इलाकों में रोशनी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके और लोग निर्भीक होकर रह सकें।

टाटा स्टील के वीपीसीएस चाणक्य चौधरी ने विधायक द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान का भरोसा दिया। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता की परेशानियों को दूर करना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### सिखिज्म के खिलाफ है अंबेडकर की प्रतिमा पर हथौड़ा चलाना : कुलविंदर

राष्ट्र संवाद संवाददाता



कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने अमृतसर हेरिटेज स्ट्रीट में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर हथौड़ा चलाना और संविधान को जलाने की कोशिश करना सिखिज्म के खिलाफ है। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार डॉक्टर अंबेडकर का अपमान इस देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाना है। उन्होंने इस देश में हासिये समाज अर्थात अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति को समाज की मुख्य धारा में लाने का जो काम किया है, वह अतुलनीय और अनुकरणीय है।

उन्होंने वंचित वर्ग को शिक्षा, समानता और कानूनी अधिकार देने के लिए संविधान में प्रावधान किया।

कुलविंदर सिंह के अनुसार पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि हथौड़ा मारने वाला आकाशदीप सिंह खुद अनुसूचित जाति से संबंधित है। वह गिरफ्तार है और पंजाब के मुख्यमंत्री को चाहिए कि इसकी कहां जांच करवाई और साजिश कताओं को बेनकाब करें। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होनी चाहिए।

### गोलमुरी पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाया गया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** गोलमुरी पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस स्वच्छता अभियान में जिले के सीनियर एसपी सिटी एसपी ग्रामीण एसपी सहित तमाम डीएसपी ने परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। वहीं सीनियर एसपी किशोर कौशल ने कहा की रोकथाम गुलमुरी पुलिस लाइन परिसर में यह देखा गया है की बालकनी या टेरिस पर काफी गंदगी है तो इसको लेकर एक अभियान चलाया गया है वही यहां रहने वाले पुलिसकर्मियों को यह निर्देश दिया गया है कि अपने आसपास सफाई रखें सस्ता रखें स्वस्थ रखेंगे तो आप विश्वास भी अच्छी रहेगी और एक खुशनुमा माहौल रहेगा। वहीं पुलिस कप्तान ने कहा कि अगर वहां रहने वाले पुलिसकर्मी अपने आसपास साफ सफाई नहीं रखते हैं तो उनके ऊपर कारवाई भी की जाएगी।

### मौनी अमावस्या के दिन किन्नर समाज के द्वारा दुमुहानी नदी में लगाई डुबकी



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** 144 साल बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में चल रहा है जहां लाखों श्रद्धालु आज मौनी अमावस्या के दिन डुबकी लगा रहे हैं। वही जमशेदपुर में किन्नर समाज के द्वारा सुबह में सोनारी स्थित दुम्हनी नदी तट पर डुबकी लगाकर स्नान किया वही महामंडलेश्वर अमरजीत ने कहा की प्रयागराज से जल लाकर आज हम लोगों ने जमशेदपुर के किन्नर और अन्य लोगों को स्नान कराया। आज हम लोग सनातनी के लिए बहुत गर्व की बात है।

### पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को टाटा स्टील और जेवीएनएल के अधिकारियों के साथ बैठक की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित टायो आवासीय सेक्टर में फ्लैट गिरने की घटना के बाद, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को टाटा स्टील और जेवीएनएल के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक जमशेदपुर के डायरेक्टर्स बंगले में आयोजित की गई, जिसमें टायो के प्रभावित लोग भी उपस्थित थे।

बैठक के बाद, चंपई सोरेन ने मीडिया को बताया कि वार्ता सकारात्मक रही। उन्होंने उपायुक्त को फ्लैटों की जांच के निर्देश दिए हैं और कहा कि जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह मजदूरों के हित में होगा। साथ ही, जेवीएनएल के अधिकारियों को प्रभावितों को उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।इससे पहले, मंगलवार को चंपई सोरेन ने घटनास्थल का दौरा किया था और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की थी। मजदूरों ने अपनी समस्याएं बताते हुए न्याय की गुहार लगाई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि टायो कंपनी के बंद होने के बाद उनका फाइनल सेटलमेंट नहीं हुआ है और वे जर्जर हो चुके फ्लैटों में रहने को मजबूर थे। चंपई सोरेन ने मौके पर ही टाटा प्रबंधन से फोन पर वार्ता की और मजदूरों के लिए नए फ्लैट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। सोमवार को टायो आवासीय सेक्टर में 16 फ्लैट एक साथ जमींदोज हो गए थे। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जान-माल की बड़ी क्षति नहीं हुई, लेकिन मजदूरों का सामान मलबे के नीचे दब गया। मजदूरों ने बताया कि फ्लैटों का रखरखाव पिछले 9 साल से नहीं हुआ था, जिससे उनकी हालत बेहद जर्जर हो गई थी। प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन और टाटा प्रबंधन के बीच वार्ता जारी है, और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही ठोस समाधान निकाला जाएगा।

# लैंपस/ पैक्स का सशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय प्रमंडल स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला, परियोजना निदेशक आईटीडीए मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

साहकारिता विभाग एवं नाबार्ड द्वारा लैंपस/पैक्स का सशक्तिकरण एवं बहुपयोगी केन्द्र के रूप में विकसित करने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कैनेलाइट, साक्ची में किया गया । कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी शामिल हुए। कार्यशाला में कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत लैंपस/पैक्स के अध्यक्ष, सचिव ने भाग लिया ।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए द्वारा लैंपस संबंधित योजनाओं का क्रियान्वन करने हेतु मार्गदर्शन किया गया एवं



उपस्थित लैंपस के प्रतिनिधियों से लैंपस के विकास की भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यशाला में कोल्हान प्रमंडल के कंप्यूटरीकृत किए गए लैंपसों के ई लैंपस के रूप में विकसित करने, अभिलेखों को ऑनलाइन करने पर चर्चा की गई । जिन लैंपसों के अभिलेखों को ऑनलाइन किया गया है उसमें हुई विसंगति पर भी चर्चा की गई और सुधार करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए । उक्त कार्यशाला में कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत तीनों जिला के जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं डीडीएम नाबार्ड तथा दुग्ध उत्पादक फेडरेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह हत्याकांड मामले में सात अपराधी गिरफ्तार, देसी पिस्टल स्कूटी एवं अन्य सामान बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मानगो पुलिस ने 19 जनवरी को मुंशी मोहल्ला के गुरुद्वारा रोड पर हुई संतोष सिंह की हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड रोहित दीक्षित समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि रोहित दीक्षित इस हत्या का मुख्य साजिशकर्ता था। वह मानगो के गुरुद्वारा रोड का निवासी है। उसके साथ गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में शुभम कुमार, विमल गोप, विवेक कुमार तिवारी और अंकित शर्मा शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, एक



315 बोर का कारतूस और हत्या में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।

गौरतलब है कि रोहित दीक्षित के पिता डब्बू दीक्षित की 2014 में हत्या कर दी गई थी, और रोहित ने अपने पिता की मौत का बदला लेने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

इस मामले में पहले ही रौनक सिंह और निखिल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जिससे अब तक कुल सात लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मानगो क्षेत्र की बदहाल व्यवस्था पर मानगो नगर निगम को घेरा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा- जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन**

भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मानगो क्षेत्र की जर्जर नागरिक सुविधाओं और नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बुधवार को मानगो नगर निगम कार्यालय में उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने नगर निगम की लापरवाही और नागरिक सुविधाओं की बदहाली पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए अविलंब समाधान की मांग की। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मानगो नगर निगम की संवेदनहीनता और उदासीनता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन में बताया गया कि मानगो क्षेत्र में पिछले कई महीनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कचरे का अंबार गलियों, सड़कों और नालियों में जमा हो गया है, जिससे कई गंभीर संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। आज स्थानीय नागरिकों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी बेखबर हैं। पार्टी ने मांग की कि कचरा निष्पादन की स्थायी व्यवस्था की जाए और सफाई व्यवस्था को नियमित किया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मानगो की चार लाख से अधिक आबादी पानी की भारी किल्लत झेल रही है। सप्लाई वाटर अनियमित है, और अधिकतर चापाकल खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को पीने का स्वच्छ पानी भी नसीब नहीं हो रहा है।

नशे और अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पार्टी ने जल्द से जल्द सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

नगर निगम जनता को लूटने में लगा है, लेकिन जब सुविधा देने की बारी आती है, तो ये लोग फरार हो जाते हैं। भाजपा ने कहा कि पहले जनता को विश्व स्तरीय सुविधा दो, फिर टैक्स बढ़ाने की बात करो।

इस दौरान मुख्यरूप से डॉ. राजीव, जटाशंकर पांडेय, नीरज सिंह, संजीव सिन्हा, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, विजय तिवारी, संजीव कुमार, प्रेम झा, नित्यानंद सिन्हा, दिलीप सिंह, छोटन मिश्रा, शिवप्रकाश शर्मा, संध्या नंदी, निसार अहमद, सुशील पांडेय, नितिन त्रिवेदी, राजू प्रजापति, संजय सिंह, संतोष चौहान, मनोज ओझा, बिरेन महतो, राकेश दुबे, घनश्याम साव, अनिमेष सिन्हा, प्रसन्नजीत महापात्रा, मुन्ना मोहंती, राकेश प्रसाद, मनोज गुप्ता, मीणा शर्मा, मणिभूषन, राजेश शर्मा समेत मानगो क्षेत्र के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बढ़ती चोरी की घटनाओं पर गंभीर हुआ जिला पुलिस

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर लगातार चोरी की घटनाओं में हो रही वृद्धि को देखते हुए आज पुलिस उपाधीक्षक नगर की अध्यक्षता में बिरसानगर थाना परिसर में क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी के अध्यक्ष सचिव के साथ बैठक आयोजित हुई बैठक में नगर उपाधीक्षक सुनील कुमार चौधरी के साथ पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार थाना प्रभारी बिरसानगर विवेक कुमार पंडित के साथ क्षेत्र के तमाम समिति के अध्यक्ष और सचिव मौजूद थे

पुलिस उपाधीक्षक सुनील चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आवासीय कॉलोनी में कोई घर खाली होता है तो इसकी सूचना मेंटेनेंस करने वाले समिति के पदाधिकारी को होनी चाहिए और इसकी सूचना भी



थाना में आनी चाहिए और किसी तरह की क्षेत्र में कोई घटना होती है तो थाना को तुरंत सूचित करें

थाना प्रभारी बिरसानगर विवेक पंडित ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियां पर पुलिस की नजर रहती है फिर भी आप तक अगर कोई सूचना है तो उसे सीधे थाना को सूचित करें और थाना आपकी गोपनीयता बरकरार रखेगी क्षेत्र से अवैध कारोबार चोरी की घटना और आपराधिक घटनाओं की रोकथाम तभी संभव होगी जब स्थानीय निवासियों का समुचित सहयोग मिलेगा

## भाजपा गोलमुरी मंडल ने कैलाशनगर एवं गोलमुरी बाजार में चलाया सदस्यता अभियान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड भाजपा द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत भाजपा गोलमुरी मंडल की ओर से कैलाशनगर क्षेत्र और गोलमुरी बाजार में सदस्यता अभियान चलाया गया। गोलमुरी मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कैलाशनगर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और गोलमुरी बाजार स्थित एसबीआई बैंक के समक्ष सदस्यता शिविर लगाया।



इस अवसर पर एफसी पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, अभियान के जिला संयोजक डॉ राजीव कुमार, मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रोबिर चटर्जी राणा, अशोक सामंता, बंटी अग्रवाल, हरेराम यादव, अभिमन्यु सिंह, बिनोद झा, अमरेंद्र कुमार, दीपक सिंह, नौशाद खान, लक्ष्मण बेहरा, बच्चा बाबू शर्मा, संदीप आईच, दीपक मुखर्जी समेत अन्य मौजूद रहे।

# मीडिया कप 2025 के दूसरे दोस्ताना मैच मे सोनारी शालीन पर बार एसोसिएशन की शानदार जीत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खेल मेलजोल का सबसे बेहतर माध्यम : बार अध्यक्ष आरएन दास**

प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा आयोजित मीडिया कप 2025 के दूसरे दिन यानि बुधवार को आयोजित दूसरे मैच मे बार एसोसिएशन एवं सोनारी शालीन के बिच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जहां सोनारी शालीन ने टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, कुल 12 ओवर मे पांच विकेट गवाकर कुल 77 रन बनाये, वहीँ जवाबी पारी खेलते हुए बार एसोसिएशन की



टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए एक विकट खोकर 6.5 ओवर मे ही जीत हासिल कर ली, बार एसोसिएशन टीम के तरफ से संदीप ने सर्वाधिक दो विकट हासिल की, वहीँ सोनारी शालीन टीम से सलीम अहमद ने एक विकट हासिल किया, मैच के पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.एन. दास एवं कुमार राजेश रंजन का विधिवत स्वागत प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया, साथ ही मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया, वहीँ मैच के उपरांत रन्नर टीम सोनारी शालीन को एवं विजेता टीम बार एसोसिएशन को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.एन.दास ने प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा विगत 18 वर्षो से होने वाले मीडिया कप को लेकर क्लब के पदाधिकारियों की भूरी भूरी प्रसंशा की. साथ ही लगातार आगे निरंतर ऐसा आयोजन होते रहे इसके लिए शुभकामनायें भी दी. मैच के दौरान प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, महासचिव विकास श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुमित झा, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, सह सचिव वेद प्रकाश गुप्ता, सह सचिव अमित तिवारी, कोषाध्यक्ष गंगाधर पाण्डेय उर्फ मनमन, पूर्व अध्यक्ष बी.श्रीनिवास, पूर्व महासचिव श्याम झा, चंद्रशेखर, मनप्रीत सिंह, जिया सिंह, परमेश्वर गोराई, समेत कई सदस्य उपस्थित रहे.

# जमशेदपुर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सीएम से मिले पूर्वमंत्री बन्ना गुप्ता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जनहित के मुद्दों पर हमेशा जनता के साथ खड़ा रहूंगा : बन्ना गुप्ता**

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के साथ मुलाकात कर उन्हें जमशेदपुर से जुड़े कई जनहित के मुद्दों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया!

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने पिछले कई दिनों से चल रहे मानगो के कचड़े के मुद्दे पर संज्ञान लेने का आग्रह किया साथ ही कचड़े का निषापादन हेतु



कार्ययोजना बनाने का आग्रह भी किया, इसके साथ ही मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने का विशेष निर्देश अधिकारीयों एवं संबंधित कंपनी को देने का आग्रह किया, आगामी ग्रीष्म ऋतू को देखते हुए सुचारु विधुत व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने का निर्देश भी अधिकारीयों को देने का आग्रह किया।इसके साथ शहर में बेहतर लॉ एंड आर्डर समेत क्षेत्र के विभिन्न अन्य मुद्दों पर सकरात्मक बातचीत कर हल निकालने का आग्रह भी मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से किया, सीएम हेमंत सोरेन जी ने उनकी सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द समाधान देने का आश्वासन पूर्व मंत्री श्री बन्ना गुप्ता को दिया

# एमजीएम की नई बिल्डिंग में भूमिगत जल का इस्तेमाल न हो: सरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरयू के सुझाव**

**पहला सुझाव-टाटा स्टील डिमना लेक के पानी से ही अस्पताल को कनेक्शन दे दे**

**दूसरा सुझाव-सतनाला डैम से पानी लाकर अस्पताल में दिया जाए**

**डीप बोरिंग बंद हो, इससे क्षेत्र के चापाकल सूख जाएंगे**

**जितनी बोरिंग हो गई है, उसका परिचालन अविलंब बंद किया जाए**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से कहा है कि नये एमजीएम अस्पताल भवन में भूमिगत जल का उपयोग नहीं करें, डीप बोरिंग नहीं करें. डीप बोरिंग करने से आसपास के इलाकों में चापाकल सूख जाएंगे और आम जनता परेशान होगी. अस्पताल के संचालन के लिए जो पर्यावरण स्वीकृति ली गई है, उसमें भूमिगत जल के इस्तेमाल का कोई प्रावधान नहीं है.

यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि प्रावधान के अनुसार, नगर निगम से इस बात की स्वीकृति लेनी है कि वह एमजीएम अस्पताल को प्रतिदिन 300 लाख लीटर पानी देगा। अस्पताल में कुल करीब 500 लाख लीटर पानी की जरूरत होगी, उसमें से शेष जल को उपयोग में आने वाले जल को शुद्ध करके इस्तेमाल किया जाएगा.

श्री राय ने कहा कि बोरिंग करना तो पर्यावरण स्वीकृति के प्रावधान के भी विरोध में ही है. पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य मंत्री या मुख्यमंत्री ने इसकी व्यवस्था नहीं की. यह नहीं सोचा गया कि अस्पताल के परिचालन के लिए पानी कहां से आएगा. ऐन चुनाव के वक्त हड़बड़ी में एमजीएम की ओपीडी को एमजीएम के नये भवन में शिफ्ट कर दिया गया. उस समय तक उस भवन को भी ठेकेदार ने हैंडओवर नहीं किया था. आज तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अस्पताल संचालन के लिए सहमति नहीं मिली है. जब शीर्ष पर बैठे अधिकारी और मंत्री ही नियमों का उल्लंघन करेंगे, तो आम जनता के लिए क्या ही कहा जा सकता है.

श्री राय ने प्रधान सचिव को दो विकल्प सुझाए.

पहला-जमशेदपुर के लिए मानगो होकर डिमना लेक का पानी जाता है तो उसमें से ही टाटा स्टील अस्पताल को कनेक्शन दे दे. दूसरा-पारडीह के पास सतनाला डैम है. वहां प्रचुर पानी है. वह जैम ऊंचाई पर है. वहां से बहुत कम खर्च में और बेहद कम समय में गुरुत्वाकर्षण बल से पानी आ जाएगा. अस्पताल को भी भरपूर पानी मिलेगा और मानगो के वासियों को भी. इन दो विकल्पों पर सरकार को काम करना चाहिए.

श्री राय ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि स्वास्थ्य विभाग ने स्वर्णरेखा नदी से पानी खींच कर एमजीएम अस्पताल तक लाने की योजना बनाई है. यह बेहद हल्की योजना है.

अगर सरकार काम शुरू करा दे तो 6 माह के भीतर सतनाला डैम से पाईपलाइन बिछा कर पानी लाया जा सकता है. वह पानी स्वच्छ होगा, शुद्ध होगा. नया बोरिंग एकदम नहीं होना चाहिए और पुराने बोरिंग का परिचानल बंद कर देना चाहिए.

## संपादक की कलम से

# केजरीवाल के सामने अपनी सीट बचाने की चुनौती

**देवानंद सिंह**




दिल्ली विधानसभा के चुनाव की जैसी ही उल्टी गिनती शुरू हुई है, तब राजधानी में सियासी सरगर्मी और तेज हो गई है। हर सीट पर कड़ी टक्कर की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन एक जिस खास सीट की सबसे अधिक चर्चा हो रही है, उसमें नई दिल्ली विधानसभा सीट है। नई दिल्ली विधानसभा सीट दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण चुनाव क्षेत्रों में से एक मानी जाती है। इस सीट की चर्चा इसीलिए भी हो रही है, क्योंकि इस सीट से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ बीजेपी के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित जैसे प्रमुख नाम भी शामिल हैं। दूसरा, यह सीट न केवल अपने क्षेत्रीय आकार और निर्वाचन क्षेत्र के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां के चुनावी इतिहास और राजनीतिक महत्व ने भी इसे एक विशेष सीट बना दिया है। इस सीट से इस बार कुल 23 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, इसलिए इस सीट पर मुकाबला काफी कड़ा होगा, इसमें कोई शक नहीं है।

इस सीट के इतिहास की बात करें तो इसका इतिहास काफी दिलचस्प रहा है। 1993 में जब कीर्ति आजाद ने इस सीट से जीत हासिल की थी, तो बीजेपी ने दिल्ली में सरकार बनाई थी। इसके बाद 1998 से लेकर 2013 तक शीला दीक्षित का दबदबा रहा, जिन्होंने इस सीट से लगातार जीत हासिल की और दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। 2013 में अरविंद केजरीवाल ने शीला दीक्षित को हराया और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अपनी पहली बड़ी जीत हासिल की। 2015 और 2020 में भी केजरीवाल ने इस सीट से जीत दर्ज की और दिल्ली के मुख्यमंत्री बने।

केजरीवाल की लगातार जीत ने इस सीट को दिल्ली में सरकार बनाने के एक प्रतीक रूप में प्रस्तुत किया है। 2020 के चुनाव में उन्होंने 61.10 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 64.34 प्रतिशत था। इन आंकड़ों से यह साफ होता है कि केजरीवाल ने इस सीट पर जनसमर्थन का एक मजबूत आधार बना लिया है। लेकिन, इस बार स्थिति थोड़ी अलग नजर आ रही है, क्योंकि विरोधी दलों ने भी पूरी ताकत इस सीट पर लगाई हुई है, इसीलिए इस बार नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल इस बार भी अपनी पार्टी की उम्मीदों को पूरा करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। वहीं, बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवारी के रूप में शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा है। इन तीन प्रमुख उम्मीदवारों के बीच अब चुनावी मुकाबला काफी कड़ा हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की राजनीति में एक नई पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के कई मुद्दों पर जनता का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें एक विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। हालांकि, भ्रष्टाचार के आरोपों और शराब घोटाले जैसी घटनाओं के बाद केजरीवाल के सामने अब सत्ता बनाए रखने की चुनौती और भी बढ़ गई है, लेकिन उनके लिए यह सीट विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यदि वह इस सीट पर हार गए, तो यह उनकी राजनीतिक साख पर बड़ा सवाल खड़ा कर देगा। बीजेपी के प्रवेश वर्मा ने भी चुनावी मैदान में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वर्मा एक बार सांसद रह चुके हैं, अब इस सीट पर अपनी पार्टी का परचम लहराने की कोशिश कर रहे हैं। बीजेपी की रणनीति स्पष्ट है - वे इस सीट पर केजरीवाल को चुनौती देने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा का यह दावा है कि वह शीला दीक्षित के बाद दिल्ली के विकास में योगदान देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस की उम्मीदवारी संदीप दीक्षित के रूप में है, जो शीला दीक्षित के बेटे हैं। कांग्रेस का यह प्रयास है कि वह अपनी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस सीट पर एक बार फिर से अपनी पकड़ मजबूत करें। हालांकि, कांग्रेस की स्थिति इस बार कमजोर दिख रही है, क्योंकि आम आदमी पार्टी और बीजेपी दोनों ही इस सीट पर काफी सक्रिय हैं।

अगर, चुनावी समीकरणों की बात करें तो नई दिल्ली विधानसभा सीट पर जातिगत और सामुदायिक समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस क्षेत्र में वाल्मिकी और धोबी समुदाय के मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। अनुमान है कि वाल्मिकी मतदाताओं की संख्या करीब 20,000 हो सकती है, जबकि धोबी समुदाय के मतदाता लगभग 15,000 के आसपास हैं। इन समुदायों का रुख इस बार की चुनावी दिशा तय करने में अहम हो सकता है। केजरीवाल ने धोबी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने धोबी कल्याण बोर्ड बनाने का वादा किया है, जो धोबी समाज की समस्याओं का समाधान करेगा। इससे इस समुदाय के मतदाताओं में केजरीवाल के प्रति समर्थन बढ़ सकता है। वहीं, वाल्मिकी समाज के मतदाता बीजेपी की तरफ झुकते हुए नजर आ रहे हैं। इस बदलाव का असर चुनाव परिणामों पर पड़ सकता है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनाव प्रचार में इस बार दोनों प्रमुख दलों - आम आदमी पार्टी और बीजेपी ने अपनी पूरी ताकत झोंकी है। आम आदमी पार्टी अपने स्वयंसेवकों के जरिए मतदाताओं से सीधे संपर्क में है और उन्हें विभिन्न योजनाओं के बारे में बता रही है। बीजेपी भी अपनी तरफ से विभिन्न योजनाओं का प्रचार कर रही है, जैसे कि लाडली योजना और स्वास्थ्य कैम्प्स के माध्यम से मतदाताओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।प्रवेश वर्मा के एनजीओ द्वारा हेल्थ कैम्प्स लगाना और विभिन्न योजनाओं का प्रचार करना बीजेपी की एक मजबूत चुनावी रणनीति के रूप में सामने आया है। इस तरह के प्रयास मतदाताओं को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर इस बार चुनावी मुकाबला बेहद कड़ा है। अरविंद केजरीवाल के लिए यह सीट अपनी साख बचाने की चुनौती बन चुकी है, जबकि बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने इस बार पूरी ताकत झोंकी है। इस सीट पर वाल्मिकी और धोबी समुदाय के मतदाता निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, और इन समुदायों के रुख के आधार पर चुनाव परिणाम बदल सकते हैं। इस बार के चुनाव में कौन विजयी होगा, यह कहना कठिन है, लेकिन एक बात निश्चित है कि इस सीट पर मुकाबला कड़ा रहेगा और इसका असर दिल्ली की राजनीति पर गहरा प्रभाव डालने वाला होगा।



# ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है स्वामित्व योजना

**डॉ सत्यवान सौरभ**

स्वामित्व की आवश्यकता भारत में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त का दशकों से अभाव रहा है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक़्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण, इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ थे, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल हो गया। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्त्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी। गाँव के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए, स्वामित्व योजना विकसित की गई थी। पीएम स्वामित्व ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया। पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का

**स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) पहल से भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव आ रहा है। इस पहल के तहत सरकार द्वारा सटीक संपत्ति स्वामित्व डेटा और स्पष्ट स्वामित्व रिकॉर्ड के प्रावधान से भूमि विवादों में कमी आ रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के ग्रामीण सशक्तीकरण और शासन के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ आया है। इसके अलावा, यह कार्यक्रम परिसंपत्तियों की बिक्री की सुविधा प्रदान करता है, बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को संभव बनाता है, संपत्ति से सम्बंधित विवादों को कम करता है, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति कराधान और संपत्ति मूल्यांकन में सुधार करता है और पूरी तरह से गांव-स्तरीय योजना बनाने की अनुमति देता है।**

सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को ₹अधिकारों का रिकॉर्ड₹ प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है।

सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहु-चरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण




संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गाँव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच / आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष / विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड / शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं। आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं।

इस कार्यक्रम के लाभों में एक समावेशी समाज शामिल है। गांवों में कमजोर आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति संपत्ति के अधिकारों तक उनकी पहुँच के साथ सकारात्मक रूप से सहसम्बद्ध है। स्वामित्व योजना इसे संभव बनाने का प्रयास करती है। आबादी की स्पष्ट रूप से परिभाषित सीमा की कमी के कारण भूमि-संघर्ष के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। स्थानीय स्तर पर संघर्षों के अंतर्निहित कारणों को सम्बोधित करना स्वामित्व योजना का लक्ष्य है। बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजनाएँ जो उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले डिजिटल मानचित्रों का उपयोग करती हैं, सड़कों, स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं, नदियों, स्ट्रीटलाइट्स और अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार लाती हैं। अधिक सुलभ संसाधनों और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से। लोगों को अपनी संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में मुद्रीकृत करने में मदद करना मुख्य लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, जिन राज्यों में संपत्ति कर लगाया जाता है, वहाँ इसे सरल बनाने से निवेश को बढ़ावा मिलता है और व्यापार करना आसान हो जाता है, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

भूमि स्वामित्व से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को विकास और सशक्तिकरण के अवसरों में बदलकर, स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है। यह योजना, जिसमें डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण शामिल हैं, केवल सीमाओं और नक्शों के बजाय संभावनाओं और सपनों के बारे में है। स्वामित्व सिर्फ. एक सरकारी कार्यक्रम से कहीं ज्यादा बन गया है क्योंकि गाँव इस बदलाव का स्वागत करते हैं; यह बढ़ी हुई आजादी, ज्यादा चतुराईपूर्ण योजना और ज्यादा एकजुट, शक्तिशाली ग्रामीण भारत के पीछे एक प्रेरक शक्ति है। स्वामित्व योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीण भारत बदल रहा है। भूमि स्वामित्व से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही कठिनाइयाँ विकास और आत्मनिर्णय के अवसरों में बदल रही हैं। बाधाओं को दूर करने, विवादों को निपटाने और संपत्ति को आर्थिक उन्नति के लिए एक शक्तिशाली साधन में बदलने के लिए नवाचार और समावेशिता को जोड़ा जा रहा है। डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण इस बात के दो उदाहरण हैं कि कैसे योजना सरल सीमाओं और मानचित्रों से आगे जाती है। यह अवसरों और आकांक्षाओं से भरपूर है। गाँव इस बदलाव को अपना रहे हैं और स्वामित्व महज सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भरता, बेहतर योजना और अधिक एकजुट ग्रामीण भारत सभी इसके द्वारा गति प्राप्त कर रहे हैं।

# चुनावी रेवड़ियों को अब मतदाताओं को प्रलोभन(रिश्वत) के रूप में देखा जा रहा है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में अगर हम एवरेज लगाएं तो प्रतिमाह से भी कम समय में अनेक क्षेत्रों में चुनाव होते रहते हैं जैसे लोकसभा राज्यसभा विधानसभा विधान परिषद जिला परिषद स्थानीय निकायों पंचायत समिति चुनाव सहित अनेक ऐसे संस्थानों के चुनाव होते ही रहते हैं इसीलिए ही वन नेशन वन इलेक्शन बिल शायद बजट सत्र में लाया जा सकता है। भारत में एक समय था जब मतदाता इलेक्शन को लोकतंत्र के मंदिर के प्रतिनिधि के रूप में पूजनीय समझकर चुनते थे, हालांकि आज भी ऐसा है परंतु करीब एक दशक से चुनावी मौसम को रेवड़ियों की सौगातो का मौसम कहां जाने लगा है क्योंकि सरकार चाहे किसी की भी हो विपक्ष चाहे कोई भी हो वह चुनाव जीतने की निश्चितता चाहता है, जिसके लिए वह सीधे से नहीं बल्कि पर्दे के पीछे से मतदाताओं को रेवड़ियों रूपी रिश्वत का प्रलोभन देकर अपनीं जीत सुनिश्चित करते हैं। यह मैंने महाराष्ट्र के चुनाव में भी देखा कि किस तरह लाडली बहन योजना में 1500 रूपए प्रतिमाह बहनों को देने वाले प्लान ने बाजी पलट कर रख दी, व भारी मतों के अंतर से चुनाव को जीता गया,अगर इस योजना के लाभार्थियों की स्क्रुटनिंग की जाए तो मेरा मानना है कि आधे से अधिक ऐसे निकलेंगे जो इस प्लान के पात्र ही नहीं है परंतु इन चीजों को नजर अंदाज किया गया व अभी भी किया जा रहा है। इस विषय पर चर्चा हम आज इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिल्ली में 70 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव 5 फरवरी 2025 को हो रहे हैं,व इसका रिजल्ट 8 फरवरी 2025 को आएगा, जिसमें सभी पार्टियों द्वारा भारी मात्रा में रेवड़ियों की बातें व वादे किए जा रहे हैं।अगर हर व्यक्ति को ऐसी ही रेवड़ियां प्रतिमाह मिलेगी तो वह आलसी हो जाएगा और कौशलता शिक्षा ग्रहण कर विशेषज्ञ होने के बाद भी वह काम नहीं करेगा, क्योंकि रेवड़ियों के रूप में उसे इतनी रकम मिल जाएगी तो उसका भरण पोषण पालन हो जाएगा, फिर वह काम क्यों करेगा? जिसका सीधा-सीधा असर हमारे मिशन आत्मनिर्भर पर पड़ेगा जो रेखाकित करने वाली बात है। चूंकि चुनावी रेवड़ियों को अब मतदाताओं को रिश्वत के रूप में देखा जा रहा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे रेवड़ी कल्चर से मिशन आत्मनिर्भर भारत को पूर्ण करने में भारी कठिनाइयों का सामना पड़ सकता है। दिल्ली की चुनावी लड़ाई,वादों और रेवड़ियों की भारी भरमार छाई टैक्सपेयर्स द्वारा पेड़ टैक्स की मजाक उड़ाई।

साथियों बात अगर हम दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की करें तो, दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। राजनीतिक दल के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।बीजेपी ने दिल्ली में अपने कई पूर्वांचली स्टार प्रचारकों को लोगों के बीच उतारा है। वहीं आम आदमी पार्टी ने 15 गारंटियों वाला घोषणा पत्र जारी किया है। इधर कांग्रेस भी दिल्ली में खोई अपनी जमीन को वापस पाने की कोशिश में जुटी है।दिल्ली के सियासी दंगल में यमुना के पानी की एंट्री हो चुकी है,आम आदमी पार्टी का आरोप है कि यमुना में बढ़ा अमोनिया का स्तर हरियाणा की देन है, इस मामले में गृह मंत्री ने केजरीवाल और उनकी पार्टी की सरकार पर हमला बोला है, उन्होंने कहा कि केजरीवाल का नया आरोप है मैंने आज केजरीवाल से सार्वजनिक तौर पर सवाल पूछा है कि भाजपा सरकार ने जहर मिलाया पानी में ऐसी आपके पास रिपोर्ट है क्या? किस प्रकार का जहर है,वो रिपोर्ट सार्वजनिक करें, अगर हरियाणा ने पानी रोका था तो बताएं, पानी बंद करेंगे तो हरियाणा में गांव के गांव डूब जाएंगे, ये तीन चीजें उनको स्पष्ट करनी चाहिए।चुनाव आयोग ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के संयोजक द्वारा जो आरोप लगाया है, उस पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें नोटिस जारी किया है। आयोग ने उन्हें 29 जनवरी की शाम आठ बजे तक अपने आरोप को प्रमाणित करने को कहा है। अगर ऐसा नहीं है तो उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगीआयोग ने यह कदम शिकायत के बाद उठाया है।

साथियों बात अगर हम आम आदमी पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र की करें तो,आप द्वारा जारी 15 गारंटीयाँ तथा 5 बातें--(1) रोजगार की गारंटी- युवाओं को कैसे रोजगार मिले इसकी प्लानिंग की जाएगी। (2) महिला सम्मान योजना के तहत हर महिला को 2100 रुपये बैंक अकाउंट में मिलेंगे। (3) संजीवनी योजना- 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को फ्री इलाज मिलेगा। (4) पानी के बिल माफ, जो बिल भेजे गए हैं वो भरने की जरूरत नहीं। (5) हर घर में 24 घंटे साफ पानी। (6) यमुना की सफाई- केजरीवाल ने कहा कि हमारे पास फंड और पूरा प्लान है। (7) दिल्ली की सड़कों को यूरोपियन लेवल का बनाने का वादा। (8) डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना - दलित बच्चों को विदेश की यूनिवर्सिटी में एडमिशन पर सारा खर्च दिल्ली सरकार देगी। (9) कॉलेज छात्रों को फ्री बस की सुविधा और दिल्ली मेट्रो में 50 फीसदी छूट मिलेगी। (10) पुजारी और ग्रंथियों हर महीने 18-18 हजार रुपये मिलेंगे। (11) किराएदारों को भी फ्री बिजली-पानी की सुविधा मिलेगी। (12) जहां भी सीवर ब्लॉक है उसको 15 दिनों में साफ किया जाएगा और पुराने सीवर को साल डेढ़ साल में बदला जाएगा (13) दिल्ली में नए राशन कार्ड बनाए जाएंगे (14) ऑटो-टैक्सी -ई-रिक्शा वालों की बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपये, बच्चों को फ्री कोचिंग और इंश्योरेंस का लाभ मिलेगा।(15) आरडब्लूए को प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड रखने के लिए पैसे दिए जाएंगे। 5 बातें--(1) ईमानदार मानते हो तो वोट दो, वरना रहने दो (2) फिर से मुख्यमंत्री बनाना है तो अग्निपरीक्षा में पास करो (3) समझो सभी 70 सीटों पर केजरीवाल ही लड़ रहा है (4) बीजेपी को वोट दिए तो बच्चे कभी माफ नहीं करेंगे (5) बेटा मानते हो तो वोट दो, वरना बीजेपी का बटन दबा दो।

साथियों बात अगर हम भाजपा द्वारा तीन चरणों में जारी संकल्प पत्र की करें तो, संकल्प पत्र-1-(1) वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2,500 रुपये पेंशन। (2) महिलाओं को 3,500 रुपये की सम्मान राशि (3) विधानसभा चुनाव जीतने पर 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर।(4)विधवाओं, बेसहारा महिलाओं की पेंशन 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रूपए (5) मातृ सुरक्षा वंदना को और ताकत देने के लिए 6 पोषण किट और हर गर्भवती महिला को 21,000 रुपये दिए जाएंगे। संकल्प पत्र-2-- (1) सरकारी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को 'केजी' से 'पीजी' तक मुफ्त शिक्षा का वादा किया। (2)युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 15 हजार की वित्तीय सहायता और 2 बार के यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति (3) तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 'डॉ. बीआर अंबेडकर स्टाइपेंड योजना' के तहत 1 हजार रुपये प्रति माह का स्टाइपेंड (4) ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए वेलफेयर बोर्ड, 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा एवं वाहन बीमा और उनके बच्चों के लिए स्कॉलरशिप (5) घरेलू कामगारों के लिए वेलफेयर बोर्ड, 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों के लिए स्कॉलरशिप और 6 महीने की पेड मैटरनिटी लीव। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की संख्या दोगुनी होगी। संकल्प पत्र-3--(1) पार्टी के सत्ता में आने पर 1,700 अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को संपत्तियों का पूर्ण मालिकाना हक मिलेगा, जिससे बिक्री, खरीद और निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा।(2) गिग वर्कर्स और मजदूरों के लिए कई नई योजनाओं और कल्याणकारी उपाय, गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्डह्न बनाएगी और 10 लाख रुपये का बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना कवर देगी। (3) पारदर्शी तरीके से 50,000 सरकारी पदों को भरने, स्वरोजगार के 20 लाख अवसर पैदा करने और एक भव्य महाभारत कॉरिडोर विकसित करने का वादा (4) दिल्ली में सड़कें बनाने पर 41,000 करोड़ रुपये, रेलवे लाइन बिछाने पर 15,000 करोड़ रुपये और हवाई अड्डों पर 21,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। (5) नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड योजना के तहत जरूरतमंद छात्रों को दिल्ली मेट्रो में सालाना 4,000 रुपये तक की मुफ्त यात्रा का भी वादा किया गया है। साथियों बात अगर हम बात अगर हम कांग्रेस द्वारा जारी चुनावी घोषणा पत्र की करें तो मुख्य बातें, (1) युवा उड़ान योजनाः बेरोजगार युवाओं को हर महीने 8500 रुपये की सहायता दी जाएगी (2) अप्रेंटिस शिपःबेरोजगार युवकों को एक साल की अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) देने का वादा किया गया है। (3) सस्ता सिलेंडरः 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**



**१ मेष राशि**-- अद्भुत सफलता मिलने जा रही है आज आपको आप सफलता को संभालने के लिए तैयार रहिए।
कुछ अच्छे प्रोजेक्ट मिल सकते हैं कुछ तनाव भी बढ़ सकते हैं

**२ वृष राशि** --अपने मन को विचलित नहीं कीजिए शांत होकर समय पर पारिस्थितिक अध्ययन कीजिए हर प्रकार से आप सफल होने जा रहे हैं।
आशा के अनुकूल सफलता मिलेगी।

**३ मिथुन राशि** -- अपनी योग्यता के अनुसार कम कीजिए आज कल्पना कम कीजिए वास्तविकता को पकड़े रहिए

**४ कर्क राशि** --अपने मन की बात अपना दुख आज सबको मत सुनाइये ।उल्टे लोग गलत लाभ लेंगे इसका और आपका मजाक उड़ाएंगे।

**५ सिंह राशि** - गलत निर्णय नहीं लीजिए नशा नहीं कीजिए।
व्यावसायिक दृष्टिकोण से आज का दिन बहुत सुंदर व्यापार में प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा।

**६ कन्या राशि** -- ठगों से सावधान रहिए।
झूठ तंत्र मंत्र से दूर रहना है। व्यवसाय के लिए बहुत सुंदर दिन और असाधारण सफलता मिलने जा रही है। कोई भी नहीं है सोच कर लीजिए अपने भाववक्ता पर पूरा नियंत्रण कीजिए

**७ तुला राशि** -- शानदार प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त करेंगे आप आज।
ऐतिहासिक सफलता से आपको साहस मिलेगा ।अपने मित्र वर्ग से परिवार से आपके सहयोग मिलेगा आपका व्यापार अच्छा चलेगा

**८ वृश्चिक राशि** -- मन को हल्का कीजिए। दबाव में आकर कोई काम नहीं कीजिए।
हर प्रकार से सुंदर दिन है आज आपका।बहुत परिश्रम करने के बाद भी सफलता नहीं मिलती थी आज आप सफल होने जा रहे हैं।

**९ धनु राशि** -- शुभ आशीर्वाद मिलेगा आपको बड़े लोगों से। हर प्रकार से सफल दिन व्यापार के लिए अनुकूल दिन । खूब प्रसन्न होकर काम कीजिए।

**१० मकर राशि** --नास्तिकता और आक्रामकता पर नियंत्रण कीजिए। आज लोग आपको सहायता करना चाहेंगे इसलिए आपको बिल्कुल मधुर और सामने रहना होगा मन में छल कपट मत रखिए। जो सोचा हुआ काम है जो आपने आज के लिए योजना बनाई है उसमें आपको सफलता मिलने जा रहे हैं।

**११ कुम्भ राशि** --अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिए दूसरों के लिए उतना ही कीजिए अपना काम बंद नहीं हो। आपकी अभिलाषा पूरी होगी माता महालक्ष्मी की सीधी कृपा है

**१२मीन राशि** --अपने स्वास्थ्य पर और अपने निर्णय पर पूरा ध्यान दीजिए। ग्रहों की स्थिति आपकी मनोकामना पूर्ण करने वाली है अपने आप को अपने नियंत्रण में रखें जहां तक संभव हो आप कठोर भाषा नहीं बोल किसी का दिल नहीं दुखाइए।

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# पश्चिमी सिंहभूम में नक्सल विरोधी अभियान में शामिल सुरक्षा बलों को किया गया सम्मानित

## पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की उपस्थिति में हुआ सम्मान समारोह



**चक्रधरपुर :** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने वाले सुरक्षा बलों के अभियान दलों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय, चक्रधरपुर स्थित सीआरपीएफ 60 बटालियन मुख्यालय में आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में झारखंड पुलिस के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता (भा.पु.से.) सहित पुलिस मुख्यालय, झारखंड, रांची के अन्य वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को उनके साहसिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे एंटी-नक्सल ऑपरेशन में हाल ही में बड़ी सफलता मिली है।

हाल ही में सोनुआ थाना क्षेत्र के बिलैता गांव के जंगल में माओवादियों के साथ मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो नक्सली मारे गए और एक जवान घायल हुआ था। इसी अभियान में शामिल सुरक्षा बलों को आज सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के अभियानों को जारी रखने पर जोर दिया।

उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल को बढ़ाने के लिए इस तरह के सम्मान समारोह को महत्वपूर्ण बताया। इस सम्मान समारोह से झारखंड पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों का हौसला और बढ़ेगा, जिससे नक्सल विरोधी अभियानों को और मजबूती मिलेगी।

## एन.आर. उत्कृष्ट उच्च विद्यालय में एसईएल समागम का सफल आयोजन, एसईएल के 9 घटकों पर चर्चा

**सरायकेला :** एन.आर. उत्कृष्ट उच्च विद्यालय, सरायकेला में सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण (एसईएल) पर आधारित एसईएल समागम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण (एसईएल) के महत्व को बढ़ावा देना और बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना था। समागम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) और अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी (एपीओ) रहे। कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र, अभिभावक, मीडिया कर्मी और सम्पूर्णा कंसोर्टियम से अभिधा सेठ, मनीष यादव, आशीष कुमार, शीतांशु शर्मा, प्रीति, शगुफ्ता और रोशनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधीक्षक ने अपने संबोधन में एसईएल के 9 घटकों पर बात की और कहा कि ये घटक 21वीं सदी के कौशल को विकसित करने में सहायक हैं। उन्होंने घोषणा की कि हर्ष जोहार कार्यशाला डीईआईटी में आयोजित की जाएगी, जिससे यह पहल अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच सके। अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी (एपीओ) ने कहा कि एसईएल शिक्षा न केवल बच्चों की शैक्षणिक सफलता को बढ़ाती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता को भी सुधारती है। उन्होंने सम्पूर्णा कंसोर्टियम के प्रयासों की सराहना की और इस पहल को भविष्य के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान हर्ष जोहार की गतिविधियों का गैलरी वॉक कराया गया, जिसमें सभी अतिथियों ने भाग लिया और बच्चों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। प्रोजेक्ट सम्पूर्णा-हर्ष जोहार वर्तमान में झारखंड के 24 जिलों के 121 विद्यालयों में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। अगले चरण में इसे 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

एसईएल समागम के सफल आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि इस तरह की पहल से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को मजबूती मिलती है।

## हरिश्चंद्र विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं के बीच बाधा दौड़



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव पर प्रारम्भ हुए खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को छात्र-छात्राओं के बीच बाधा दौड़, तीन पैर की दौड़, सूई में धागा पिरोना, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में भाग लेकर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। बताया गया है कि सभी प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को आगामी सरस्वती पूजनोत्सव के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के सहायक शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव, शिक्षिका कुमारी तुलसी, कुमारी संजू, उच्च सह मध्य विद्यालय के प्रभारी जेडी महतो, विनोद वार्ष्णेय, डी0 साव, केसी महतो, पीएल महतो आदि का योगदान रहा।

## पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए गम्हरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी द्वारा अभी तैयारी में जुटे

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**गम्हरिया।** गर्मी के दिनों में होने वाली पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी द्वारा अभी से ही प्रयास प्रारम्भ कर दिए गए हैं। इसको लेकर बीडीओ द्वारा प्रखंड के कनीय अभियंता से सभी पंचायतों में जलापूर्ति को लेकर एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने कहा है कि सारे पंचायतों का भौतिक रूप से निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं ताकि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले सभी हैंडपंप और जलमीनारों को दुरुस्त कराया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में सोलर जलमीनारों के अलावा हैंडपंप भी लगे है। उनकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर ससमय दुरुस्त करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर नए चापाकल भी लगवाए जाएंगे। साथ ही, जिन पंचायतों में जरूरत से ज्यादा हैंडपंप स्वीकृत हुए हैं उन्हें दूसरे पंचायतों के लिए अनुमोदित करने हेतु विभागीय स्तर से तकनीकी स्वीकृति मांगी जाएगी ताकि लोगों को पानी की किल्लत से जूझना नहीं पड़े।

## यूसिल की तुम्मलपल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक एम एस राव कल होगे सेवानिवृत



राष्ट्र संवाद संवाददाता

### मिल व माइंस मैकेनिकल अधिकारियों ने शॉल ओढाकर किया सम्मानित

**जादूगोड़ा :** यूसिल की तुम्मलपल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक एम एस राव आगामी 31 जनवरी को सेवानिवृत हो जायेगे।इधर उनके सम्मान में मिल मैकेनिकल शॉप में समारोह आयोजित की गई जहा मिल व माइंस मैकेनिकल विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शॉल ओढाकर किया सम्मानित। कार्यक्रम की अगुवाई उपमहाप्रबंधक सुमन सरकार समेत गौतम कल्लूर ने की।इस मौके पर अन्य अधिकारियों मसलन राम सुवेया, चक्रपाणि समेत कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्र हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : अमरप्रीत सिंह काले

जमशेदपुर, राष्ट्र संवाद संवाददाता

### भाजपा जुगसलाई मंडल द्वारा सदस्यता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न



भारतीय जनता पार्टी, जुगसलाई मंडल के तत्वावधान में मंडल महामंत्री पिंटू शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

इस अभियान में सदस्यता प्रभारी चंद्रशेखर दास, सह प्रभारी गुरजिंदर सिंह, पिंटू सैनी, मंडल महामंत्री सुनील शर्मा, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश पाठक, मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनमोल शर्मा, वरिष्ठ नेता उपेंद्र चटर्जी, सत्यनारायण अग्रवाल (मुन्ना), किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे।

सदस्यता अभियान के तहत शंकर राम, बंटी सिंह, जितेंद्र साहू, शालिनी, बृजमोहन साहू और प्रदीप पांडे सहित सैकड़ों नए सदस्यों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

अमरप्रीत सिंह काले ने इस अवसर पर कहा, ह्नभारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़कर देश के समग्र विकास में भागीदार बनाना है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा ने अपनी संगठनात्मक शक्ति को और सशक्त किया तथा नए सदस्यों को पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने का संकल्प दोहराया।

## झामुमो नेत्री ने दिव्यांगो के बीच बांटा कंबल

राष्ट्र संवाद संवाददाता



मुसाबनी- झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष मारिया दास ने बुधवार को मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र के माहुलबेरा इलाके में घूम घूम कर शारीरिक रूप से अक्षम दिव्यांग लोगों के बीच ठंड से बचाव के लिए दर्जनों कंबल का वितरण किया। इस मौके पर झामुमो नेत्री मारिया दास ने बताया कि वह अपने स्तर से सर्वे कर जरूरतमंद लोगों को कंबल मुहैया करा रही है। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा भी गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निर्देश पर वे पूरे प्रखंड क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटने का काम कर रही है। ठंड से बचाव के लिए गरीब एवं जरूरतमंद लोग उनसे संपर्क स्थापित कर कंबल प्राप्त कर सकते हैं।

## यूसिल के नए वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास ने संभाला कार्यभार, नए प्रस्तावित यूरेनियम प्रोजेक्ट खुलने की उम्मीदें जगी

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा :** यूसिल के नए स्थाई वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास ने आज बृहस्पतिवार को नए वित्त निर्देशक का पदभार ग्रहण कर लिया ।वे निवर्तमान वित निर्देशक शारदा भूषण महंती से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पदभार ग्रहण किया।इधर अतिरिक्त प्रभार पर चल रहे यूसिल के निवर्तमान वित निर्देशक शारदा भूषण महती ने आई आर एल कंपनी की मुंबई शाखा में सीएमडी के तौर पर अपनी सेवा देगे

यूसिल के नए वित निर्देशक विक्रम केसरी दास को बधाई देने वालों का लगा ताता

जादूगोड़ा :यूसिल के नए वित निर्देशक विक्रम केसरी दास के आज योगदान करने के बाद दिन भर उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। सबसे पहले लेखा विभाग के एचओडी टी के मुखर्जी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के एजेंट मनोरंजन महाली, कंपनी सचिव बी सी गुप्ता, मनोज कर, डॉ पी के अधिकारी, पोसी बाबू, ओरिजित, राहुल सिंह सुभाष सोरेन, तपन गिरी, अभिषेक तिवारी, संतोष तिवारी ने भी कार्यालय पहुंच कर नए वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास को बधाई दी।

**नए वित निर्देशक श्री दास से बढी लोगो की उम्मीदें**

जादूगोड़ा : यूसिल के नए वित निर्देशक विक्रम केसरी दास के योगदान से यूसिल की परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में ज्यादा गति मिलने की उम्मीदें जगी,चुकी परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में उनका तजुर्बा पहले से हुआ। देश के विभिन्न खदानों मसलन एन एल सी इंडिया लिमिटेड ( चेन्नई) में उन्होंने अपनी सेवा महाप्रबंधक वित्त के रूप में दी है। जिसकी वजह से राजस्थान के रोहिल यूरेनियम प्रोजेक्ट समेत पूरे झारखंड में नए प्रस्तावित प्रोजेक्ट में गति आने की उम्मीद जगी है।

**रकणी मंदिर में की पूजा अर्चना**

**जादूगोड़ा :** यूसिल के वित निर्देशक विक्रम केसरी दास ने कंपनी के योगदान से पूर्व जादूगोड़ा की सुप्रसिद्ध रकणी मंदिर में माथा टेका व यूसिल की सुख समृद्धि की कामना की। यहां बताते चले कि बीते 11 सितंबर को ही उनका चयन हो गया था, भारत के राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद उन्होंने आज अपना योगदान कंपनी में कर लिया।

## पूंजी डूंगरी शमशान काली मंदिर गम्हरिया में सैल्यूट तिरंगा द्वारा निशुल्क नेत्र एवम दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

सैल्यूट तिरंगा झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी के द्वारा पूंजी डूंगरी शमशान काली मंदिर गम्हरिया में चल रहे लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवम राम कथा में आज निशुल्क नेत्र जांच एवम दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ जिसमे यज्ञ में शामिल सैकड़ों भक्तो ने अपनी जांच कराई जहां आंख के लिए ए एस जी आई हॉस्पिटल की टीम रही वही दंत चिकित्सक के रूप में डॉ नेहा मंडल ने अपनी सेवा दी। श्री तिवारी ने बताया कि शिविर में लगातार तीन दिनों तक अलग अलग डॉक्टरों द्वारा सेवा दिया जायेगा ।

## चाकू बाजी में घायल मो.शबीर की मौत पर परिजनों ने ओपी के समक्ष बवाल काटा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

चांडिल कपाली ओपी अंतर्गत चौक के समीप बीते दिन हुई चाकूबाजी की घटना में गोसनगर निवासी मो. शब्बीर की मौत हो गई थी,जिसको लेकर आक्रोशित परिजनों ने हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के शव के साथ थाना के समक्ष प्रदर्शन किया .पुलिस के आश्वासन पर परिजनों ने शव को थाना के सामने से हटाया . सूत्रों की माने तो मंगलवार को दो से तीन युवकों ने मो शब्बीर को 10 बजे घर से बुला कर के गए और किसी बात पर बक झाक हो गई और 12 बजे दिन को लात जूता से पीटकर चाकू से पूरे शरीर में आगे ओर पीछे गोंद दिए जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया , इलाज के लिए एम .जी.एम. में गंभीर अवस्था में भर्ती किया गया जहां इलाज के क्रम में मौत हों गई.ओर हमलावर मौके से गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया. ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी हो जाएंगी.

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत चांडिल पॉलिटेक्निक में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन, 90 से अधिक अभ्यर्थियों को मिला रोजगार का अवसर




**नीमडीह :** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तत्वाधान में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, चांडिल पॉलिटेक्निक में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एमआरएफ चेन्नई, अंशिका स्पोर्ट्स और मिथिला मोटर्स (टाटा मोटर्स) सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 90 से अधिक अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार का अवसर मिला। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने रहने, खाने और वेतन संबंधी सुविधाओं के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधियों में एमआरएफ चेन्नई से मो. मोबिन हैदर, अंशिका स्पोर्ट्स से ललन सिंह तथा मिथिला मोटर्स (टाटा मोटर्स) से कल्याण भगत और शैलेश सिंह शामिल थे। संस्थान के सेंटर हेड, रवि विश्वकर्मा ने सभी कंपनियों के एचआर रिक्रूटर को सम्मानित किया और प्रशिक्षणार्थियों को प्लेसमेंट ड्राइव की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने में केंद्र प्रबंधक रवि विश्वकर्मा, प्लेसमेंट मैनेजर ज्योति कुमार सिंह, सनातन सिंह, संतोष सिंह, अर्चना कुमारी, मधुमिता, नेहा, उमा शंकर, संदीप, पूनम, मीना, अनिमा, पूजा, संजय, दीपिका, धनेश, पूनम, मन्नू, उमर सहित कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस पहल से झारखंड के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

## सरायकेला में श्री राणी सती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश यात्रा आयोजित

**सरायकेला :** स्थित लहरी टोला में श्री राणी सती मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित श्री राणी सती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बुधवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा की शुरूआत खरकई नदी के जगन्नाथ मंदिर घाट से हुई, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद 400 से अधिक महिला भक्तों ने पीले वस्त्र धारण कर गाजे-बाजे के साथ नगर में भ्रमण किया। कलश यात्रा पूरे सरायकेला नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नवनिर्मित श्री राणी सती मंदिर तक पहुंची। इस दौरान ड्रोन से पुष्पवर्षा की गई, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्री राणी सती मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। इस भव्य आयोजन को लेकर नगरवासियों में गहरा उत्साह देखा गया। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का एक अनूठा अनुभव बना।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय टंगरानी में जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया निरीक्षण, बच्चों के बीच निःशुल्क पोशाक का वितरण



**सरायकेला :** जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) सरायकेला ने आज उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टंगरानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से बातचीत कर शिक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बीईईओ सरायकेला के साथ मिलकर जिला शिक्षा अधीक्षक ने कक्षा 1 और 2 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क पोशाक का वितरण किया।

उन्होंने बच्चों को यूनिफॉर्म पहनकर नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा ने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है, इसलिए सभी बच्चों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बुधराम पूर्ति, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश मिश्रा, सहायक अध्यापक कृष्ण बल्लभ पड़िहारी एवं सहायक अध्यापक सुमन धीर सामंत सहित कई अभिभावक मौजूद रहे। इस निरीक्षण एवं पोशाक वितरण कार्यक्रम से स्कूली बच्चों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प लिया।

## यूसिल कर्मियों का जनवरी में बढ़ा 1.9 प्रतिशत महंगाई भत्ता, कंपनी प्रबंधन ने जारी की अधिसूचना

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा :** यूसिल कर्मियों का जनवरी में 1.9 प्रतिशत महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी की गई है।जिसे इसी माह के वेतन में पेमेंट के साथ मिलेगा। जिसकी अधिसूचना कंपनी प्रबंधक ने जारी कर दी।कंपनी कर्मियों महंगाई भत्ता में हुई इस बढ़ोतरी के बाद पुनरीक्षित महंगाई भत्ता बढ़कर 44. 7 पहुंच गया है जबकि इसके पूर्व 42 .8 प्रतिशत था। इस बढ़ोतरी के बाद कंपनी कर्मियों के वेतन में न्यूनतम 500 व अधिकतम 2000 तक वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

# वक्फ विधेयक: जेपीसी ने स्वीकारा संशोधित विधेयक और मसौदा रिपोर्ट, सांसदों को असहमति दर्ज कराने के लिए दिया वक्त

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

संसद की संयुक्त समिति ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक की रिपोर्ट और प्रस्तावित कानून के संशोधित संस्करण को बहुमत से पारित कर दिया। इस विधेयक को 15-11 मतों से मंजूरी मिली। मंजूरी मिलने के बाद विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक की आलोचना की है और इसे असंवैधानिक बताया। उनका कहना है कि यह विधेयक सरकार को मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार देता है, जिससे वक्फ बोर्ड का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हालांकि समिति ने सांसदों को अपनी असहमति दर्ज कराने के लिए शाम 4 बजे तक का समय दिया गया है।

**जगदंबिका पाल का बयान:** समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि विधेयक में किए गए कई संशोधनों ने विपक्ष की चिंताओं का समाधान किया है। उनका कहना था कि



जब यह विधेयक पारित होगा, तो वक्फ बोर्ड को अपने काम को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस विधेयक के तहत पहली बार पसमांदा मुसलमानों (जो पिछड़े वर्ग के हैं), गरीबों, महिलाओं और अनाथों को वक्फ के लाभार्थियों में शामिल किया गया है।

**अब ओम बिरला को सौंपी जाएगी रिपोर्ट:** साथ ही मामले में वरिष्ठ भाजपा नेता ने बताया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक की रिपोर्ट गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी जाएगी। साथ ही जब पत्रकारों ने मामले में पूछा कि क्या विधेयक 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में पारित होगा, तो उन्होंने कहा कि अब यह फैसला संसद और संबंधित अधिकारियों को करना है। समिति ने 8 अगस्त 2024 को अपने गठन के बाद से राष्ट्रीय राजधानी में 38 बैठकें कीं और हितधारकों से परामर्श करते हुए निष्कर्ष पर पहुंची।

**विपक्षी दलों ने की विधेयक की आलोचना:** विपक्षी सांसदों ने इस प्रक्रिया को अलोकतांत्रिक बताया है। साथ ही आरोप लगाया कि उन्हें अंतिम रिपोर्ट का अध्ययन करने और अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए बहुत कम समय दिया गया। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि सभी विपक्षी सदस्य अपनी असहमति दर्ज कराएंगे।

साथ ही विपक्षी दलों, जैसे कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, आप और एआईएमआईएम के सांसदों ने विधेयक की तीखी आलोचना की। कुछ विपक्षी सांसदों ने अपनी असहमति दर्ज कराई है, जबकि अन्य ऐसा करने के लिए शाम 4 बजे तक समय ले रहे थे। वे यह आरोप लगा रहे हैं कि 655 पन्नों की रिपोर्ट उन्हें बहुत कम समय में दी गई और इसे पढ़ने का समय नहीं मिला।

**विधेयक में महत्वपूर्ण बदलाव:** विधेयक में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि वक्फ द्वारा उपयोगकर्ता का खंड हटाया गया है, और यह साफ किया गया है कि वक्फ संपत्ति से संबंधित मामले अब पूर्वव्यापी तरीके से नहीं खोले जाएंगे, जब तक कि वे विवादित न हों या सरकारी संपत्ति न हों। इसके अलावा, वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने का समर्थन किया गया है, ताकि वे वक्फ मामलों में रुचि रखने वाले या विवादों में पक्षकार बन सकें।

बता दें कि विधेयक के तहत, विवादों से जुड़े मामलों में जिला कलेक्टर की जांच शक्ति को खत्म कर दिया गया है और राज्य सरकार को अब इन मामलों की जांच करने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नामित करने का अधिकार मिल गया है। संचालन में कई बदलाव, एक नजर विधेयक में वक्फ बोर्डों के संचालन में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

# पीजी मेडिकल कोर्स में अधिवास आधारित आरक्षण असंवैधानिक, सुप्रीम कोर्ट का फैसला



**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

एक महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पीजी मेडिकल सीटों में अधिवास(डोमिसाइल) आधारित आरक्षण को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने अपने फैसले में कहा है, पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में अधिवास-आधारित आरक्षण स्पष्ट रूप से संविधान के अनुच्छेद 14(समानता का अधिकार) का उल्लंघन है।

पीठ ने कहा कि राज्य कोटे के भीतर पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश में अधिवास-आधारित आरक्षण प्रदान करना संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य कोटे की सीटें नीट परीक्षा में मेरिट के आधार पर भरी जानी चाहिए। एक संदर्भ का जवाब देते हुए तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि वह प्रदीप जैन, सौरभ चंद्र मामलों में पिछले निर्णयों में निर्धारित कानून को दोहरा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कहा है, हम सभी भारत के निवासी हैं। प्रांतीय या राज्य अधिवास जैसा कुछ नहीं है। केवल एक अधिवास है। हम सभी भारत के निवासी हैं। हमें भारत में कहीं भी निवास चुनने और देश में कहीं भी व्यापार और व्यवसाय करने का अधिकार है। संविधान हमें भारत भर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश चुनने का अधिकार भी देता है। मेडिकल कॉलेजों सहित शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ, किसी विशेष राज्य में रहने वालों को केवल एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में एक निश्चित डिग्री तक ही दिया जा सकता है। लेकिन पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के महत्व को देखते हुए, अधिवास के आधार पर उच्च स्तरों में आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा।

हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि निर्णय पहले से दिए गए अधिवास आरक्षण को प्रभावित नहीं करेगा। जो छात्र पीजी पाठ्यक्रम कर रहे हैं और जो पहले से ही ऐसे अधिवास श्रेणी से उत्तीर्ण हैं, वे प्रभावित नहीं होंगे।

# उपलब्धि: शरीर में हानिकारक धातुओं का पता लगाएंगी नैनो मैटेरियल कोशिकाए

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

मानव कोशिकाओं और पर्यावरण में हानिकारक धातुओं का पता लगाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने नैनो मैटेरियल कोशिकाएं विकसित करने में सफलता हासिल की है। यह बीमारियों के उपचार और पर्यावरण निगरानी को बेहतर बनाकर धातु विषाक्तता की पहचान और प्रबंधन में मदद कर सकती है। वैज्ञानिकों की ओर से विकसित नैनो कणों को पेरोव्स्काइट नैनोक्रिस्टल्स नामक विशेष सामग्री से निर्मित किया है। ये नैनो कण जीवित कोशिकाओं में मौजूद जहरीली धातुओं जैसे पारे का पता लगा सकते हैं। ये नैनोक्रिस्टल्स बहुत छोटे होते हैं (एक बाल की मोटाई से लाख गुना छोटे) और रोशनी के साथ खास तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। इन्हें कोशिकाओं में फ्लोरोसेंट (चमकदार) जांच के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, पानी में जल्दी खराब हो जाते हैं। शोधकर्ताओं ने इन नैनोक्रिस्टल्स को सिलिका और पॉलिमर की कोटिंग से सुरक्षित किया, जिससे उनकी स्थिरता और चमक पानी में बढ़ गई। ये नैनोक्रिस्टल्स लंबे समय तक काम कर सकते हैं और विशेष तरंगदैर्ध्य की रोशनी में चमकते हुए हानिकारक पारे का सटीक पता लगा सकते हैं।

**रोगों का पता लगाने, पर्यावरण की निगरानी में आ सकता है क्रांतिकारी बदलाव:** शोधकर्ताओं का कहना है कि इस नए आविष्कार से रोगों का पता लगाने और पर्यावरण की निगरानी में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है। यह जैविक प्रणालियों में धातुओं की विषाक्तता का पता लगाने और उसका प्रबंधन बेहतर बनाएगा। आईआईटी गुवाहाटी के भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर सैकत भौमिक ने कहा, इन पेरोव्स्काइट नैनोक्रिस्टल की एक प्रमुख विशेषता उनकी उनकी संकीर्ण उत्सर्जन रेखा है, जो धातु का पता लगाने के लिए हाई सिग्नल-टू-नोइस अनुपात के कारण संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए उपयुक्त है। भौमिक ने कहा कि पारंपरिक इमेजिंग विधियां अक्सर प्रकाश के बिखराव से जूझती हैं, जिससे गहरी कोशिका परतों से स्पष्ट छवियों को कैप्चर करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, पेरोवस्काइट नैनोक्रिस्टल की मल्टी फोटोन अवशोषण से गुजरने की क्षमता इस सीमा को पार कर जाती है, जिससे अधिक स्पष्ट और अधिक डिटेल इमेजिंग मिलती है। ये गुण उन्हें चिकित्सा और जैविक अनुसंधान में उन्नत फ्लोरोसेंस इमेजिंग के लिए आदर्श बनाते हैं।

**पारे की नैनोमोलर स्तर तक कर सकते हैं पहचान:** पारा बहुत खतरनाक होता है और खाने-पीने, पानी, सांस, या त्वचा के संपर्क से शरीर में घुसकर नर्वस सिस्टम, अंगों और मानसिक क्षमताओं को नुकसान पहुंचा सकता है।शोधकर्ताओं ने पाया कि ये नैनोक्रिस्टल्स बेहद संवेदनशील हैं और पारे की नैनोमोलर स्तर तक भी पहचान सकते हैं। जीवित कोशिकाओं पर किए गए परीक्षणों में ये नैनोक्रिस्टल्स गैर-विषैले साबित हुए कर सके।

# उदगीर में पोल्ट्री पक्षियों में मिला बर्ड फ्लू, प्रशासन अलर्ट; संक्रमण रोकने को सुरक्षा उपाय जारी

**लातूर,एजेन्सी।**

महाराष्ट्र के लातूर स्थित उदगीर के रामनगर इलाके में मंगलवार को कुछ पोल्ट्री पक्षियों में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई। पोल्ट्री पक्षियों में बर्ड फ्लू संक्रमण मिलने से अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बर्ड फ्लू के प्रसार को रोकने के लिए अधिकारियों ने संक्रमण वाले पक्षियों को मारने और अन्य सुरक्षा उपाय करने का निर्णय लिया। उदगीर शहर के कुछ हिस्सों में बर्ड फ्लू के चलते 60 से अधिक कौवों की मौत हो गई थी। कौवों की मौत होने के बाद घरेलू स्तर पर पाले जाने वाले पोल्ट्री पक्षियों का परीक्षण कराया गया, जो पॉजिटिव मिला।

**24 जनवरी को भेजे गए थे नमूने:** पशुपालन विभाग के जिला उपायुक्त डॉ. श्रीधर शिंदे ने कहा कि इन पोल्ट्री पक्षियों के नमूने 24 जनवरी को परीक्षण के लिए भेजे गए थे। भोपाल में राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान ने आज दोपहर पुष्टि की कि ये पक्षी बर्ड फ्लू संक्रमण से संक्रमित थे। इसके बाद, जिला प्रशासन ने संक्रमण के प्रसार को रोकने के



लिए निवारक उपाय लागू किए हैं।

200 पोल्ट्री पक्षियों को वैज्ञानिक तरीके से मारा जा रहा

उन्होंने बताया कि एक किलोमीटर के दायरे में लगभग 200 पोल्ट्री पक्षियों और अन्य देशी पक्षियों को वैज्ञानिक तरीके से मारा जा रहा है। अंडे, चारा और किसी भी पक्षी से संबंधित अवशेष को नष्ट कर दिया जा रहा है। इसके अलावा, 10 किलोमीटर के दायरे को अलर्ट जोन घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र को कीटाणुरहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संरक्षक मंत्री शिवेंद्र सिंह राजे भोसले को जिला कलेक्टर ने स्थिति से अवगत कराया है और प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई तेज कर दी है।

**इन विभागों के अधिकारी मिलकर कर रहे काम:** अधिकारियों ने बताया कि पशुपालन, राजस्व, वन, जल संसाधन, सार्वजनिक कार्य, भूमि रिकॉर्ड, परिवहन, नगर निगम और पुलिस सहित कई विभाग और एजेंसियां बर्ड फ्लू के प्रसार को रोकने के प्रयास में मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 10 किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। क्षेत्र से पोल्ट्री पक्षियों के चिकित्सा नमूने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे जा रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, बर्ड फ्लू के प्रकोप के संबंध में सत्यापित जानकारी नियमित रूप से जारी की जाएगी।

# तेलंगाना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, बच्चों के रात 11 बजे के बाद सिनेमाघर जाने पर रोक



**हैदराबाद,एजेन्सी।**

तेलंगाना हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सुबह 11 बजे से पहले और रात 11 बजे के बाद सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स जाकर फिल्म देखने पर रोक लगाने का फैसला करे। इसके साथ ही कोर्ट ने सरकार की तरफ से कोई फैसला लिए जाने तक 16 साल से कम उम्र के बच्चों के रात 11 बजे के बाद सिनेमाघर जाने पर रोक भी लगा दी। हाईकोर्ट ने यह निर्णय राज्य में सार्वजनिक सुरक्षा और बाल कल्याण पर व्यापक चर्चा के हिस्से के तौर पर किया। हाईकोर्ट सोमवार को राम चरण अभिनीत फिल्म गेम चेंजर और अन्य की टिकट कीमतों में वृद्धि से संबंधित याचिकाओं पर विचार कर रहा था। कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे की जरूरत बताई कि नाबालिगों को देर रात के शो में न जाना पड़े, जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को सिनेमाघरों में बच्चों के प्रवेश को विनियमित करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने और इस मामले में हितधारकों से परामर्श करने का जिम्मा सौंपा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं होती प्रतिवादी 16 साल से कम उम्र के बच्चों को रात 11 बजे के बाद फिल्म देखने की अनुमति नहीं देंगे।

**याचिकाकर्ता ने दी थीं ये दलील:** याचिकाकर्ता विजय गोपाल के वकील ने दलील दी कि नाबालिगों को देर रात के दौरान फिल्में देखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।मल्टीप्लेक्स में अंतिम शो रात 1.30 बजे तक चलता है पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

# फर्जी दारोगा गिरफ्तार,पुलिस की वर्दी पहनकर मचा रहा था भौकाल

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**अमेठी।**जिले की थाना मुसाफिरखाना पुलिस व स्वाट टीम ने यूपी पुलिस की वर्दी पहने हुए एक फर्जी दारोगा को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी के कब्जे से

पुलिस की वर्दी,पुलिस का मोनोग्राम व स्टार आदि बरामद हुआ।फर्जी दारोगा को गिरफ्तार कर पुलिस ने आवाश्यक विधिक कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को मुसाफिरखाना थाना में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित व उनकी टीम क्षेत्र में देखभाल व वाहनों की चेकिंग के लिये भ्रमण पर थे तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहने हुए है जो स्थानीय थाने का नहीं है जो




थाना क्षेत्र में कई दिनों से घूमकर वर्दी का रोब दिखा रहा है।मुखबिर की सूचना पर एसआई राजेश कुमार दीक्षित ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंच कर देखा गया तो एक व्यक्ति पी कैप लगाये हुए यूपी पुलिस की वर्दी में मौजूद था।पुलिस ने रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े होने का कारण पूछा गया तो आरोपी ने बताया कि वह कोदैली गांव जाना चाह रहा हैं साधन का इंतजार कर रहा हैं।नियुक्ति के संबंध में पूछे जाने पर उसने बताया कि वह फतेहपुर जिले में नियुक्त है,पुलिस टीम ने थाने का नाम व पीएनओ नंबर पूछा तो आरोपी नहीं बता सका।शंका होने पर उक्त व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना नाम प्रमोद कुमार पाण्डेय निवासी गांव- कोदैली थाना मुसाफिरखाना,अमेठी बताया।पुलिस की जामा तलाशी में फर्जी दारोगा के पास से यूपी पुलिस का आई कार्ड बरामद हुआ।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह बीएससी तक पढ़ा है,उसकी महत्वाकांक्षा पुलिस में जाने की थी लेकिन वह भर्ती नहीं हो पाया।इसीलिये पुलिस की वर्दी बनवायी और वर्दी में लगाने वाले सामान,स्टार,मोनोग्राम,बेल्ट,पी कैप,सीटी डोरी आदि यूपी पुलिस वर्दी का सामान खरीदा और पहनने लगा।आरोपी ने अपने गांव व रिश्तेदारों में प्रचारित कर दिया कि उसकी नौकरी पुलिस में लग गयी है और ट्रेनिंग रायबरेली में हो रही है वह कमरा लेकर रायबरेली में रहने लगा।बिगत 16 नवम्बर-24 को उसकी शादी हो गयी व यूपी पुलिस में एसआई पद पर होने के नाम पर उसे दहेज के रूप में ससुराल पक्ष से एक ब्रेजा गाड़ी व 10 लाख रुपये भी मिले थे।रोजगार का कोई साधन न होने के कारण व गृहस्थी चलाने के लिये वह वर्दी का नाजायज फायदा उठाने लगा।कानून का भय दिखाकर उसने भोले-भाले लोगों से काफी रुपये कमाये।

# डीएनए जांच से पिता का पता लगाने की अनुमति देते समय गोपनीयता अहम, केरल के केस में अदालत का फैसला

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डीएनए परीक्षण से किसी के पितृत्व की जांच की अनुमति देते समय, अदालतों को बच्चे और माता-पिता की निजता के उल्लंघन के प्रति सचेत रहना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने केरल के एक व्यक्ति के पितृत्व संबंधी दो दशक पुराने विवाद का पटाक्षेप करते हुए यह प्रक्रिया तय की कि अदालत पितृत्व का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण का आदेश कब दे सकती है। पीठ ने कहा, जबरदस्ती डीएनए परीक्षण कराने से किसी व्यक्ति का निजी जीवन बाहरी दुनिया के छिद्रान्वेषण के दायरे में आ जाएगा। यह छिद्रान्वेषण, खासकर विवाहेतर संबंधों के मामलों में कठोर हो सकती है और समाज में किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है। यह भी हो सकता है कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके सामाजिक और व्यावसायिक जीवन को भी प्रभावित करे। पीठ ने कहा कि हितों में संतुलन होना चाहिए और कोर्ट को डीएनए परीक्षण की प्रमुख आवश्यकता जांचनी चाहिए। पीठ ने कहा, एक ओर, अदालतों को यह मूल्यांकन कर पक्षों की निजता और गरिमा के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए कि क्या उनमें से किसी एक को 'नाजायज' घोषित किए जाने से सामाजिक कलंक के कारण उन्हें असंगत नुकसान होगा। दूसरी ओर, बच्चे के वैध हित का आकलन करना चाहिए कि क्या उसके जैविक पिता को जानना व डीएनए परीक्षण की अत्यधिक जरूरत है। पीठ ने कहा कि अवैध संबंधों से जन्मे बच्चे से जुड़े सामाजिक कलंक का प्रभाव माता-पिता के जीवन में भी आ जाता है क्योंकि कथित बेवफाई के कारण छिद्रान्वेषण हो सकता है। अदालतों को इस बात से भी अवगत रहना चाहिए कि ऐसे छिद्रान्वेषण का अन्य संबंधित हितधारकों, विशेषकर महिलाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसमें कहा गया है कि किसी विवाहिता की निष्ठा पर संदेह जताने से उसकी प्रतिष्ठा, सामाजिक स्तर व गरिमा नष्ट हो जाएगी।?उसे अपमानित किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने गुजारा भत्ता के भुगतान के लिए बच्चे (अब वयस्क) के पितृत्व का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण का आदेश देने के केरल उच्च न्यायालय दिया।

# चोरी की 70 प्लाई के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार,पिकअप बरामद

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

अमेठी।जिले की मोहनगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में हुई चोरी का खुलासा करते हुए अन्तर जनपदीय तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।चोरों के पास से करीब एक लाख चालीस हजार रुपये कीमत के 70 प्लाई व चोरी में इस्तेमाल की गई पिकअप बरामद हुई।चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

घटना का विवरण- मोहनगंज थानाक्षेत्र के गांव बहादुरपुर,रस्तामऊ के निवासी राममूर्ति सिंह ने थाना मोहनगंज में लिखित तहरीर दी कि उनका सेटरिंग का कार्य रजनपुर मोड़



पर लगा हुआ था वहां पर लगभग सत्तर प्लाई सटरिंग से खुलकर बिल्डिंग के अंदर रखी हुई थी जिन्हें बीते 27/28 जनवरी की दरमियानी रात को अज्ञात व्यक्ति वाहन पर लादकर तिलोई की तरफ भाग गये।पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना मोहनगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया एवं पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक ने घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये थे।

मुखबिर की सूचना पर मिली सफलता-

पुलिस के मुताबिक थाना मोहनगंज के एसआई विजय नारायण पाण्डेय व उनकी टीम क्षेत्र में देखभाल व वाहनों के चेकिंग के लिये क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति पिकअप नंबर यूपी 33 अळ 1450 पर चोरी की हुई सटरिंग की प्लाई लाद कर बेचने के लिये शंकरगंज से मोहगंज की तरफ आ रहे हैं।मुखबिर की सूचना पर एसआई विजय नारायण ने नवनिर्मित टोल प्लाजा कामापुर के पास वाहनों की चेकिंग लगाकर पिकअप नंबर यूपी 33 अळ 1450 को रोक लिया।पिकअप सवार व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो चालक ने अपना नाम रामचन्द्र निवासी ग्राम लक्ष्मणगंज,असनी थाना मोहनगंज अमेठी व दूसरे ने बताया अपना नाम कल्लू निवासी देवतरा थाना महाराजगंज,रायबरेली और तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम अरविंद निवासी लक्ष्मणगंज,असनी थाना मोहनगंज बताया।पुलिस के पिकअप पर लदी प्लाई के संबंध में पूछने पर बता न सके और चालक वाहन के कागज मांगने पर दिखा न सका ।

नवनिर्मित टोल प्लाजा कामापुर के पास से हुई गिरफ्तारी- पुलिस की पूछताछ में तीनों व्यक्तियों ने बताया कि पिकअप पर लदी इस प्लाई को वे लोग ने इसी महीने 27/28 जनवरी की रात्रि में समय लगभग ढाई बजे 200 बेड अस्पताल के आगे रजनपुर मोड़ के पास बन रहे मकान से इसी पिकअप पर लादकर रायबरेली बेचने जा रहे थे।मोहनगंज पुलिस ने तीनों आरोपियों को नवनिर्मित टोल प्लाजा कामापुर के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस ने विधिक कार्यवाही की।

# सोने के 100 सिक्कों की मांग ठुकराने पर शादी समारोह में सहयोग न करने वाला दोषी करार

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

सुप्रीम कोर्ट ने दहेज में 100 सोने के सिक्के की मांग को ठुकराने पर विवाह समारोह में सहयोग करने से मना करने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। यह वैवाहिक संबंध केवल तीन दिनों तक चला था। इस मामले में वर्ष 2006 में हुए सगाई समारोह के बाद दूल्हे और उसके परिवार ने जोर देकर कहा था कि वे विवाह समारोह में तभी सहयोग करेंगे जब उन्हें 100 सोने के सिक्के दिए जाएंगे। अपीलकर्ता के परिवार ने दुल्हन के भाई को विवाह के दिन रीति-रिवाजों को निभाने की अनुमति नहीं दी। हालांकि, उन्होंने रिसेप्शन में भाग लिया, पर अपीलकर्ता के पिता दूल्हे को रिसेप्शन के मंच से अपने साथ ले गए। विवाह रिसेप्शन समाप्त होने से पहले अपीलकर्ता रिसेप्शन के मंच से बाहर चला गया और बगल में खड़ा हो गया। दुल्हन के रिश्तेदारों के उससे विनती करने के बावजूद अपीलकर्ता ने मंच पर आने से इन्कार कर दिया। उस समय अपीलकर्ता ने रिश्तेदारों से कहा कि 100 सिक्के पेश किए जाने के बाद ही वे बोल सकते हैं। फोटोग्राफर ने यह भी गवाही दी कि अपीलकर्ता के परिवार ने शादी की तस्वीरें लेने में भी सहयोग नहीं किया

**धारा 498-ए के तत्व पूरी तरह सिद्ध होते हैं:** 24 जनवरी को दिए फैसले में जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा, हम संतुष्ट हैं कि आईपीसी की धारा 498-ए के तत्व पूरी तरह से सिद्ध होते हैं। अपीलकर्ता ने पत्नी को सोने के सिक्कों की अवैध मांग को रखा।

# केंद्रीय श्रमिक संगठन के आह्वान पर जिला स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन

राष्ट्र संवाद ब्यूरो चीफ
अशोक कुमार ठाकुर

देश के दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों के द्वारा आहूत पाँच फरवरी को राज्य / जिला मुख्यालय होने वाले किसान-मजदूर के विराट प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु जिला स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन 29 जनवरी बुधवार को सूरज भवन में किया गया ।कन्वेंशन को संबोधित करते हुए यूनियन एवम् किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा उठाए गए कदम जैसे श्रम कानून में मालिक पक्षीय बदलाव , चार लेबर कोड को जोर - शोर से लागू करने , सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को निजीकरण करने ,पुरानी पेंशन योजना को खत्म करने के खिलाफ आंदोलन होगा ।साथ ही साथ हमारी मांग है कि असंगठित क्षेत्र के मजदूर का न्यूनतम मासिक वेतन कम से कम 21000/- हो ,स्कीम वर्कस जैसे कि आंगनवाड़ी सेविका , सहायिका , आशा बहू , मध्याह्न भोजन कर्मी को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलें ,समान काम का समान वेतन लागू हो ,नियमित रिक्त पदों को



स्थाई न्युक्ति की जाय और स्थानीय फैक्टरी में स्थानीय बेरोजगार को काम दी जाय ,आय कर के दायरे से बाहर के परिवार को प्रति माह 7500/- रुपए के आय हो ,किसानों के उत्पाद के एमएसपी की गारंटी साथ ही साथ महंगाई को रोकने के लिए सरकार कोई ठोस कदम उठाये ।कन्वेंशन ये तय किया गया कि जिला परिषद मार्केट के पास पाँच फरवरी को दिन के 11 बजे हजारों की संख्या में किसान मजदूर इकट्ठा होंगे एवं जो जुलूस की शक्ल लेकर जिला समाहरणालय के दक्षिण द्वार पे विरोध प्रदर्शन करेंगे ।
इस अवसर पे संयुक्त ट्रेड यूनियन के जिला संयोजक सुरेश सिंह ,एटक के राष्ट्रीय सचिव उषा सहनी ,एटक के जिला महासचिव प्रह्लाद सिंह ,एक्टू के ज़िला प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ,सीटू के राज्य सचिव अंजनी सिंह ,एटक के राज्य सचिव ललन लालित्य , किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह,सीटू के राम विनय सिंह,यू एस एस आर यूनियन के आर एस राय ,एटक के जिला सचिव चंद्र भूषण सिंह, किसान महासभा के बैजू सिंह, आंगनवाड़ी यूनियन के जिला कोषाध्यक्ष तल्ख प्रवीण ,आशा बहू के जिला सचिव सरिता राय,बी टी एम यू के संजीव कुमार,रजनीश रंजन ,आजाद कुमार भारती,बच्चन पासवान,सत्येंद्र साह,पूनम कुमारी,विनोद कुमार,त्रिपुरारी कुमार सिंह सहित कई नेता मौजूद थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश प्रसाद सिंह एवम् धन्यवाद ज्ञापन ललन लालित्य ने किया ।

## शिक्षा के प्रति अभिरुचि जागृत करने का माध्यम है टीएम प्रदर्शनी मेला: विधायक

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ )
अशोक कुमार ठाकुर

### तेघड़ा विधायक ने किया टीएलएम मेला का उद्घाटन



उत्तरी तेघड़ा के उच्च माध्यमिक विद्यालय सह संकुल संसाधन केंद्र पकठौल के प्रांगण में मंगलवार को टीएलएम प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें संकुलाधीन विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा आकर्षक टीएलएम मॉडल को प्रदर्शित किया किया।
टीएलएम मेला का उद्घाटन तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह , प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण देव पंडित एवं संकुल समन्वयक शशि भूषण प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मेला में पहुंचकर विधायक राम रतन सिंह एवं बीडीओ राकेश कुमार ने मेला में शिक्षकों द्वारा प्रदर्शित किया गया टीएलएम मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विधायक राम रतन सिंह ने कहा कि शिक्षण अधिगम सामग्री के सहायता से सीखना सरल एवं सुगम हो जाता है। वहीं अध्यापक का शिक्षण भी प्रभावी हो जाता है। बीडीओ राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री सोच और खोज की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक कृष्णदेव पंडित ने कहा कि टीएलएम मेला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति अभिरुचि जागृत करने तथा शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। बेहतर मॉडल प्रदर्शित करने के क्षेत्र में उच्च माध्यमिक विद्यालय पकठौल के प्रधानाध्यापक के संदीप पंडित को प्रथम पुरस्कार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय किरतौल के प्रधानाध्यापक शशि भूषण प्रसाद सिंह को द्वितीय पुरस्कार एवं प्राथमिक विद्यालय मंसूरी टोला के शिक्षक सरवर आजाद को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा अन्य विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दर्जनों मॉडल प्रदर्शित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मुखिया अर्जुन चौधरी ने किया

## वैशाली समाज कल्याण संस्थान ने मनाया जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का स्थापना दिवस




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मंसूरच /बेगूसराय** बाल सुरक्षा सप्ताह पखवारा,के दौरान राजकीय कृत मध्य विधालय,समसा मंसूरचक के बच्चों के बिच बाल विवाह,बाल श्रम,बाल यौन शोषण के खिलाफ लड़ेंगे जीतेंगे नारे के साथ दिलाया संकल्प।जानकारी साझा करते हुए समाजिक कार्यकर्ता रिंकू कुमारी ने पुरे देश में चलाये जा रहे कार्यक्रम एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक देश के जाने माने बाल अधिकार कार्यकर्ता भूवन रिवु के विचारों को साझा करते हुए कहा की यह गठबंधन पुरे देश में कार्य कर रही है।
देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से ज्यादा संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन(जेआरसी) के सहयोगियों ने सरकारी विद्यालय समुदायिक स्तर पर जागरूकता के माध्यम से गठबंधन के निरंतर मिल रहे उपलब्धियों का मनाया जश्न पूरे देश में 60,000 बच्चों को मुक्त कराया, 30,000 से ज्यादा नियोक्ताओं व ट्रैफिकिंग गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई की गई।
नागरिक संगठनों के देश के इस सबसे बड़े नेटवर्क की बच्चों की सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालयों व सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसलों में सबसे अहम भूमिका देश में 2.5 लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए,बाल विवाह मुक्त भारत व चाइल्ड मैरेज फ्री भारत अभियान का भी पुरजोर समर्थन बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठन वैशाली समाज कल्याण संस्थान ने धूमधाम से संगठन का स्थापना दिवस मनाया। बच्चों के खिलाफ अपराधों के खात्मे के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में जमीनी स्तर पर काम कर रहे।

## साइकिल पर संडे के तहत 400 किलोमीटर की यात्रा दिनकर ग्राम सिमरिया से होगा प्रारंभ

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ)
अशोक कुमार ठाकुर



बेगूसराय जिले में साइकिल पे संडे टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के लिए आयोजित की जाने वाली पांच दिवसीय अनहद यात्रा. 3 फरवरी से शुरू हो रही है। यह यात्रा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के गांव सिमरिया से शुरू होकर, 400 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शांति निकेतन (पश्चिम बंगाल) तक पहुंचेगी।
इस यात्रा का उद्देश्य साइकिल को सम्मान और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। 31 सदस्यीय दल 5 दिनों तक यात्रा करेगा, और इस दौरान वे साइकिल के सम्मान, स्वच्छता, पर्यावरण, और अन्य सामाजिक मुद्दों पर आमजनों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे।
यात्रा के पहले दिन में साइकिल यात्री बीहट, बड़हिया, अशोकधाम, लखीसराय, तेतरहाट, और जमुई तक यात्रा करेंगे। दूसरे दिन 4 फरवरी को वे जमुई, सोनो, चकाई, जसीडीह होते हुए देवघर में रुकेंगे। 5 फरवरी को देवघर से बासुकीनाथ, सुगनिबाद, और दुमका होते हुए 6 फरवरी को शांति निकेतन बोलपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। अब तक इस कार्यक्रम के तहत साइकिल यात्रा के 337 रविवार आयोजित किया जा चुके हैं। जिसमें खास तौर पर पौधा रोपण जैसे कार्यों से सामाजिक और पर्यावरणीय जागरूकता का काम किया गया है।
अनहद यात्रा की शुरूआत 2021 में हुई थी पहली यात्रा में दिनकर ग्राम सिमरिया से बापूधाम मोतिहारी तक का सफर तय किया गया। 2022 में यात्रा 2 के तहत दिनकर ग्राम से बुध ग्राम बोधगया तक की यात्रा की गई, 2023 में इसे भारत नेपाल मैत्री यात्रा के रूप में लुंबिनी नेपाल तक बढ़ाया गया। 2024 में इस यात्रा का चौथा संस्करण दिनकर ग्राम से कबीर चौड़ा काशी तक था। यात्रा में विनोद भारती ,कुमार गौतम, सुजीत कुमार, अंशु कुमार, कुणाल कुमार ,गोविंद ,अजीत, राजेश शुभम ,नीतीश ,श्याम, विकास, राकेश ,विक्रम ,शिवम, विक्की , मुकेश ,चंदन, अभिषेक, राजकुमार ,नीरज ,शशि, सहित अन्य शामिल हैं।

## भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के समर्पित व शाखा संस्थापक सदस्य कॉ दयानंद साह की स्मृति श्रद्धांजलि सभा का होगा आयोजन

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ)
अशोक कुमार ठाकुर

तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत बजलपूरा गौड़ा-6 निवासी कॉ दयानंद साह की आकस्मिक निधन 25 जनवरी 2025 को हो गया। यह गौड़ 6 पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में इनकी पहचान थी। कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। जिनका असमयिक निधन से समाज और पार्टी को बहुत बड़ी क्षति हुई है।
कॉ दयानंद साह की श्रद्धांजलि सभा दिनांक 5 फरवरी 2025 को 1 बजे दिन से उनके आवास के पास बजलपुरा में करने का निर्णय लिया गया ।उनके श्रद्धांजलि सभा की तैयारी हेतु 28 जनवरी 2025 की संध्या 7 बजे से गौड़ा-6 एवं गौड़ा-5 शाखा की संयुक्त बैठक कॉ हरदेव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।
बैठक को ऑल इंडिया किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव अशोक प्रसाद सिंह एवं उढक के राज्य परिषद सदस्य चन्द्र भूषण सिंह उर्फ जुलुम सिंह ने संबोधित करते हुए देश की मौजूदा राजनीति एवं आयोजन के महत्व तथा उसकी तैयारी का विस्तृत रिपोर्ट पेश की।पार्टी के गौड़ा-6 शाखा मंत्री दिनेश प्रसाद सिंह एवं गौड़ा-5 के शाखा मंत्री महेन्द्र शर्मा,छात्र नेता मो सिराज,राम बहादुर यादव, श्रीराम साह,गोविन्द रजक, पवन साह, बबन कुमार, कौशल सिंह,रमा शंकर सिंह, किशुन देव पासवान,मो युनुस समेत कई नेताओं ने जोर-शोर से तैयारी हेतु दिन रात मेहनत करेंगे। कार्य क्रम की सफलता के लिए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया।

## सिविल सर्जन ने खोदावंदपुर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, तीन चिकित्सक व दो लिपिक पाये गायब

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावन्दपुर/बेगूसराय।** बेगूसराय सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदावन्दपुर का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार, डॉ के के झा, लिपिक राकेश प्रसाद, नीरज कुमार बिना सूचना अनुपस्थित पाये गये. बिना सूचना के अनुपस्थित चिकित्सक, लिपिक एवं स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की बात कहीं है. सीएस लगभग 30 मिनट तक सीएचसी में रुकें और डयूटी पर तैनात महिला चिकित्सक डॉ शिवानी से आवश्यक जानकारी प्राप्त किया. निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन ने चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी का उपस्थिति पंजी, साफ सफाई, लेबर रूम, रोगी कक्ष, आपात कक्ष एवं बाह्य कक्ष आदि का निरीक्षण किया.



सीएस ने सीएचसी में किये जा रहे जच्चा बच्चा का प्रतिरक्षण कार्य (यूमिन लॉगिन) में उपलब्धि का प्रतिशत कम होने पर इसके लिए जिम्मेवार कर्मियों को जमकर क्लास ली तथा इसमें अविलंब सुधार लाने का निर्देश दिया. सिविल सर्जन के औचक निरीक्षण की जानकारी मिलने पर कुछ स्थानीय लोगों ने हेल्थ एण्ड वेलेनेंस सेंटर पर नियुक्ति कर्मियों का अन्यत्र प्रतिनियोजन करने, रोगी के खानपान की समुचित सुविधा नहीं रहने तथा इसमें खानापूर्ति करने का शिकायत किया, जिसके जवाब में सीएस ने जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कहीं है. स्थानीय लोगों ने सीएचसी में चिकित्सकों के कमी की ओर सीएस का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसके जवाब में उन्होंने इसे देख लेने की बात कहा. मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ गोपाल मिश्रा, डीपीएम मोहम्मद नसीम राजी, डॉ शिवानी समेत अन्य मौजूद थे

## 76 लाख से अधिक रैयतों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से स्वघोषणा जमा किया : कमल कुमार सिंह

**पटना,** । भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक कमल कुमार सिंह ने आज जानकारी दी कि भूमि सर्वे के द्वितीय चरण के 18 जिलों में स्वघोषणा देनेवालों की संख्या में इजाफा हुआ है। अबतक 76 लाख से अधिक रैयतों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से स्वघोषणा जमा किया है।
कमल कुमार सिंह ने बताया कि इनमें 46 लाख रैयतों ने सीधे सर्वे निदेशालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन स्वघोषणा जमा किया है जबकि 24 लाख स्वघोषणा को लोगों नोविरों में जाकर जमा किया जिन्हें सर्वे कर्मियों द्वारा ऑनलाइन किया गया है। करीब 6 लाख स्वघोषणा ऐसे हैं जिन्हें ऑफलाइन मोड मेंविरों में प्राप्त किया गया है लेकिन सर्वर में समस्या के कारण ऑनलाइन नहीं किया जा सका है। जल्द ही इन्हें ऑनलाइन कर दिया जाएगा।
कमल कुमार सिंह ने कि सर्वर में आई दिक्कतों को दूर कर लिया गया है। भागलपुर और पूर्णिया कमिश्नरी के लिए हमने सर्वर अलग कर दिया है। आवेदन देने के लिए हरेक कमिश्नरी के लिए अलग पाथ भी जल्द ही लोगों को बता दिए जाएंगे। 15 फरवरी तक सभी 9 कमिश्नरी के लिए सर्वर अलग-अलग कर दिया जाएगा। फिर डाटा इंट्री और डाटा अपलोडिंग में आनेवाली दिक्कतें समाप्त हो जाएंगी और स्वघोषणा एवं टेरीज लेखन के काम में तेजी आ जाएगी।
उन्होंने कहा कि इस माह के पहले पखवाड़े में आयोजित बंदोबस्त पदाधिकारियों की मासिक बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया था कि फरवरी के अंतिम सप्ताह से दूसरे चरण के सभी अंचलों में किस्तयार का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने उससे पहले सभी मौजों में टेरीज लेखन यानि प्रपत्र 5 भरने का निदेश दिया था। फिलहाल सभी गांवों में टेरीज लेखन का काम चल रहा है और 15 फरवरी तक इसके पूरा होने की उम्मीद है।
दूसरे चरण के 18 जिलों के सभी 23,786 गांवों में उद्घोषणा का काम पूरा कर लिया गया है और इन्हें वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिया गया है। इसी तरह इन सभी गांवों में ग्राम सभा का आयोजन भी किया जा चुका है। हरेक गांव में आयोजित सभा को कार्यवाही और 2 फोटोग्राफ के साथ निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकता है, जिसे ऑनलाइन देखा भी जा सकता है। इसी प्रकार सर्वे प्रारंभ होने वाले सभी गांवों को आरटूआर साफ्टवेयर से भी जोड़ दिया गया है।
किस्तवार के दौरान सभी गांवों की सीमा का निर्धारण किया जाता है और हरेक गांव के खेसरा या प्लॉट के हवाई फोटोग्राफी से तैयार नक्शा जमीन से मिलान किया जाता है। जब किस्तवार का काम पूरा हो जाता है तो हरेक खेत यानि खेसरा में नया नंबर दिया जाता है। फिर खानापुरी का काम किया जाता है जिसमें हरेक खेसरा के स्वामित्व का. निर्धारण किया जाता है।जिन जिलों में दूसरे चरण में सर्वे का प्रारंभ किया गया है उनके नाम हैं:- पटना, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, गया, नवादा, वैली, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, भागलपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और रोहतास।

## सार-संक्षेप

### गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर वापस लौटे बरौनी डेयरी के प्रतिभागियों का सम्मान

राष्ट्र संवाद ( ब्यूरो चीफ) अशोक कुमार ठाकुर




भारत सरकार के राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत कॉम्फेड पटना के माध्यम से देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बरौनी के द्वारा गणतंत्र दिवस परेड - 2025 दिल्ली में भाग लेने हेतु बरौनी डेयरी के दो कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता उनकी पत्नी सहित कुल चार प्रतिभागी चेतना जीविका दु0 उ0 स0 स0 लि0 के कृ0 गभार्धान कार्यकर्ता श्री बबलू कुमार एवं उनकी पत्नी श्रीमती मंजू देवी मेहसौरी (ए0) दु0 उ0 स0 स0 लि0 के कृ0 गभार्धान कार्यकर्ता श्री अंकित कुमार एवं उनकी पत्नी सुश्री अनन्या कुमारी दिल्ली के लालकिला में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर वापस आ गये। ज्ञात हो कि दिनांक 23.01.2025 को बरौनी डेयरी से उक्त प्रतिभागियों को दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक श्री रविन्द्र प्रसाद ने रवाना किया था। दिल्ली से लौटने के बाद प्रतिभागियों में गजब का उत्साह था। इस आयोजन में भाग लेने पर दुग्ध संघ के श्री हेमेन्द्र कुमार, डॉ0 संजीव कुमार सिंह, डॉ0 जितेन्द्र कुमार, डॉ0 शम्भू शरण, डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 कुन्दन कुमार, डॉ0 दीपक कुमार, श्री शिवचरण महतो एवं गोपाल कुमार ने प्रसंनन्ता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया

### मंसूरचक में लगाया गया टीएलएम मेला




राष्ट्र संवाद संवाददाता
**मंसूरचक (बेगूसराय)** संकुल स्तरीय टीएलएम मेला नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सहनी टोल गणपतौल के द्वारा प्रस्तुत संकुल संसाधन केन्द्र एन.एन.सिन्हा प्लस टू विद्यालय मंसूरचक में टीएलएम मेला आयोजित किया गया था। जिसमें टीएलएम में भाग लेने वाले शिक्षक अंकित सिंह एवं चंद्रजीत यादव तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक अशर्फी पासवान भी मौजूद थे।इस मेले में अंकित सिंह एवं चंद्रजीत यादव ने टीएलएम बनाकर संकुल स्तरीय मेला में प्रस्तुत किए।वही टीएलएम के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। जैसी नवीकरण उर्जा एवं,मात्राओं एवं संख्याओं और भी कई जानकारी दिए। मौके पर रिचा कुमारी, एवं मो.कैसर अंसारी मौजूद थे।

### गाजे बाजे के साथ नवाह यज्ञ का कलश विसर्जन में निकाली गई शोभा यात्रा



राष्ट्र संवाद संवाददाता
**वीरपुर /बेगुसराय** प्रखंड के वीरपुर पुर्वी पंचायत स्थित भैरव स्थान मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय सीता राम नाम धुनी यज्ञ का बुद्धवार को सम्पन्न होने पर हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए वीरपुर थाना के द्वारा चौकीदार को लगाया गया था।जिसकी जानकारी देते हुए आयोजक के सदस्यों ने बताया कि यह नौ दिवसीय सीता राम नाम धुनी यज्ञ आपसी सहयोग से शुभारम्भ किया गया था। कलश विर्सजन होने पर यज्ञ समिति के द्वारा घोड़ा, बैंड बाजा, गुलाल आदि के साथ यज्ञ स्थल से शोभा यात्रा निकाल कर किसान भवन होते हुए वीरपुर के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए बैदा घाट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप पहुंच कर सिमरिया घाट गंगा मे कलश प्रवाहित करने के लिए प्रस्थान किया। मौके झूलन राय, मनोज राय, दीना झा, मनीष कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालू मौजुद थे।

### खोदावन्दपुर के दो विद्यालयों में संकुल स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन




राष्ट्र संवाद संवाददाता
**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालयों में बुधवार को संकुल स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया. इनमें उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मसुराज एवं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तेतराही संकुल शामिल हैं. इससे पूर्व अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया. मिली जानकारी के अनुसार उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मसुराज संकुल अंतर्गत 12 विद्यालयों एवं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तेतराही संकुल अंतर्गत 5 विद्यालयों के प्रतिभागी शिक्षकों ने इस टीएलएम मेला में भाग लिया. बीईओ के निर्देश पर लगाये गये इस संकुल स्तरीय टीएलएम मेला में प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें पड़ाड़े की मशीन, जोड़ घटाव करनेवाली मशीन, शब्द पहिया, ग्रिन मोफलर, मात्राओं की पहचान, आदि आकर्षक मॉडल से सम्बंधित प्रदर्शनी लगायी गयी. कार्यक्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मसुराज के प्रधानाध्यापक शिवशंकर कुमार, संकुल समन्वयक लक्ष्मी भारती एवं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तेतराही के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार, समन्वयक आरती कुमारी आदि ने अपनी बातें रखी.

### कोटवा के फतुआ में किशोरी की धारदार हथियार से किया घायल

**पूर्वी चंपारण,।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के मच्छरगांवा पंचायत अंतर्गत फतुआ गांव में 11 वर्षीय किशोरी की उसके घर में ही बुरी तरह से धारदार हथियार से काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया और घर में आग भी लगा दी गई।
घायल किशोरी जयप्रकाश यादव की पुत्री चुनचुन कुमारी बताई गई है। परिजनों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस व 112 टीम को दी।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## जहाँ प्रेम की गंगा बहती है

**डॉक्टर यमुना तिवारी 'व्यथित'**



जहाँ प्रेम की गंगा बहती है
आपस में है भाई-चारा,
ऐसा देश हमारा।
जहाँ गंगा यमुना की लहरें
एक संस्कृति को रचती हैं,
भारत माँ की पावन मिट्टी
जहाँ संस्कार को गढ़ती है,
जहाँ मेल मिलाप से रहने का
तो ढंग है सबसे न्यारा।
ऐसा देश हमारा।।
हम विश्व बंधुत्व की बातें करते
धरती को माता कहते हैं,
कोई भी मजहब वाला हो
हम सबसे नाता रखते हैं,
ना बने दिवार मजहब हरगिज
नफरत से किया किनारा।
ऐसा देश हमारा।।
हम धीर, वीर, बलवान बहुत
यह देश है प्राणों से प्यारा,
दुश्मन के लिए तो काल हैं हम
गर दुश्मन ने ललकारा,
हम जीयें मरें इस देश की खातिर
ऐसा संकल्प हमारा।
ऐसा देश हमारा।।

## कृष्ण

**ममता कर्ण 'मनस्वी'**



मैं अल्हड़ सी एक कली, जानूं न
जग की रीत ।
मैं सांवरे कि बन बैठी , बसा हृदय
में प्रीत ।।
दूर से आई कान में मेरे , वंशी कि
मीठी धून।
न जाने कब हो गई बेसुध, सुन
कृष्ण बसिया के धून ।।
नयन मिला जब गीरधर से, तकते
थके न नयन।
पलभर भी पलक झपे हृदय हो
जाता बेचैन ।।
मोहिनी मूरत सांवली सूरत, दिव्य
प्रकाश भरी है ओज।
झलक सै जो तृप्ति मिलता, मिले
कहीं नहीं और।।
नन्द दुलारे यशोदा प्यारे , अमृत
बरसे तोरे बोल।
तुमसे नन्दन वन कि शोभा, सांझ
सवेरे नाचे मोर।।
मोर मुकुट श्रृंगार तुम्हारी, अधरों
पर ये बाँसुरी प्यारी।
बिन राधा जैसे तुम अधूरी, वैसे
तुम बिन मैं नहीं पूरी।
सूनो मुरारी अरजी हमारी, रहना
सबदिन हृदय में मेरे।
इतनी सी बस चाहत मेरी , रहना
मुझे चरणों में तेरे ।।

## ये नजारे

**डॉ. अनिता निधि**



ऊंचे ऊंचे पर्वतों के साए तले
खड़े ये देवदार वृक्ष की कतारें
मौन देव साधक की तरह
ध्वजा से देखो अटल
खड़े,
मानो छूना चाहते हो अंबर
सूर्य की छनती स्वर्ण रश्मियाँ
रचती है मनोहारी स्वर्ण दृश्य
हरी भरी वसुंधरा के ऊपर
छाया है या धुआं धुआं सा
रुई के फाहे के मानिंद
यह बर्फ से उजले कोहरे
मानो पवन ले आया है
बादलों की पालकी!
हल्की-हल्की मचलती
हवा की फुहारें
दिलकश वादियों के
खामोश इशारे
देता है मौन आमंत्रण
पास आओ हमारे
करो प्राकृतिक सौंदर्य का
रसास्वादन
खो जाता है मेरा मन
जन्नत से इसके हसीन नजारों में
कण-कण में दिखती है
उस अनंत विराट की छवि
आओ उन्हें उतार लें हम
अपने अंतर्मन में
सहेज लें, सँवार लें हम
अपना यह चमन
क्योंकि इससे ही है
हमारा श्वसन
और हमारा तन मन!

## ख्वाब

**अनामिका मिश्रा**



ख्वाब को सच बनाना कठिन हो
गया,
जिंदगी तब सजना कठिन हो गया
पांव बढ़ने लगे आग फैला तभी,
आग के पार जाना कठिन हो गया।
है ना आसां सफर जिंदगी का यहाँ,
वक्त को आजमाना कठिन हो
गया।
छोड़ पाए नहीं ख्वाब सजते रहे,
फिर हमें रोक पाना कठिन हो
गया।
हौसला जिद्द तब साथ देने लगे,
अब तो हमको गिराना कठिन हो
गया।
सब बुझाने लगे दीप मन का मगर,
इस शरर को बुझाना कठिन हो
गया।
आगे बढ़ते रहो वक्त भी साथ दे,
जग का नजरें मिलाना कठिन हो
गया।

## पीहर

**डॉ रजनी रंजन**



पीहर अनुपम अद्भुत होता।
जिसमें अपना बचपन होता।
अंदर भाई हैं इसके अंदर।
मिलते ही बन जाते बंदर।
खूब नाचते गाते हँसते
खुशी खुशी से पांत में खाते।
अद्भुत दृश्य का दर्शन होता।
जिसमें अपना बचपन होता।।
सुख दुख की बातें जब होती।
भींगी पलकें सभी की होती।
खुले पृष्ठ जब प्रिय पति की,
बातें सबकी गुल सी होती।
गंध सुमन घर आँगन होता।
जिसमें अपना बचपन होता।।
पगडंडी चल गुरु गृह जाना।
फली तोड़ चुपके से खाना।
देख पहरुआ दौड़ लगाना।
धम्म से गिरते,सब थम जाना।
हँसते फिर सब ठनगन होता
जिसमें अपना बचपन होता।।
एक बिस्तर पर सबका जमना।
माँ बाबा में दुनिया थमना।
कब रातें कब सुबह हो जाती
पर बातें नहीं खत्म हो पाती।
साथ बसंत व सावन होता
जिसमें अपना बचपन होता।।
माँ की चाय से मिले जो बिस्तर
चुस्की से भींगे निज अंतर।
याद आती तब तरसी कितनी
चाय बनाती जब मैं जितनी
नयन सजल हो दर्पण होता
जिसमें अपना बचपन होता।।

## नवगीत

**लखन विक्रांत**



सूर्यदेव छा गये
मकर पर,
सूखेंगे आँसू घड़ियाली!!
कष्टदायिनी
लंबी रातें,
पिघल-पिघलकर होंगी छोटी,
तन में ऊर्जा,
मन में तेजी,
खेतों में उपजेगी रोटी,
चमकेगा
उत्सव का अंबर!!
फैलेगी
दिक्-दिक् उजियाली!!
सूखेंगे आँसू घड़ियाली!!
सरित-स्नान से,
दान-भक्ति से,
धन्य हो रहे हैं संसारी,
पूजा-पाठ,
हवन-कीर्त्तन से
पावन धरती हुई हमारी,
कण-कण में
दिखते हैं ईश्वर,
मुख-मुख पर दीपित है लाली!!
सूखेंगे आसूँ घड़ियाली!!
यह ऐसा त्यौहार
कि पूरे
जीवन को त्यौहार बनाये,
पकवानों से लेकर
सादी खिचड़ी तक का
मोल बताये,
प्राण-शक्ति है
भीतर-बाहर!!
अंग-अंग क्या डाली-डाली!!
सूखेंगे आँसू घड़ियाली!!

## सबसे सुंदर देश हमारा

**नवीन कुमार अग्रवाल**



अलग अलग हैं भाषाएँ, अलग
अलग है भेष हमारा
लेकिन फिर भी दुनिया में सबसे
सुंदर देश हमारा
कुदरत की इस बगिया में हिम भी
है और सागर भी
है सिया के राम यहीं पर , मीरा के
नटवर नागर भी
है प्रेम प्रकृति के वाहक हम, प्रेम
ही है संदेश हमारा
इसलिए तो दुनिया में है सबसे
सुंदर देश हमारा
जिस धरती का छः छः ऋतुऐं
अलग अलग श्रृंगार करें
प्रातः सूरज आये मिलने रात में
चंदा प्यार करे
माँ की गोद के जैसा पावन है सुंदर
ये परिवेश हमारा
सच कहते हैं दुनिया में सबसे सुंदर
देश हमारा
हम बच्चे करते नादानी, कभी
कभी हम लड़ते हैं
लेकिन जिससे लड़ते हैं फिर प्यार
उसे ही करते हैं
छोटी छोटी तकरारें हैं नहीं दीर्घ है
द्वेष हमारा
कहते हैं हम सब मिलकर सबसे
सुंदर देश हमारा

## तिरंगा

**उषा झा**



चलो मनाते राष्ट्रीय उत्सव,
हर घर लहरायें तिरंगा।
तीन रंगों से बनी तिरंगा।
भारत माँ का आँचल ।
गौरव गाथाओं से भरी है
ये तीन रंगों का तिरंगा
हरा सफेद और केसरिया
के बीच लगा है चक्र।
हरि भरीं है माँ की गोदी
सफेद आसमां के नीचे
केसरिया सा रंग फैलाते
आये सूरज दादा।
चक्र सुदर्शन को घूमा रहे
अपने कृष्ण कन्हैया
दुश्मन के छक्के छुड़ाए
देखो अपने भैया
राष्ट्रीय उत्सव हम मनायें
गाते जन- गन भैया।
हर घर में लहरायें अपना ये
तिरंगा।।

## और तो कोई नहीं

**रूबी लक्ष्मी सिंह**



और तो कोई नहीं आँखों में
तुम ही तुम हो जीवन में
सुध बुध खोए देखती हूँ मैं
बस तुम को मन दर्पण में
इन नैनों की झील में अक्स
उभारते हो,वो तुम ही हो
मीठी नजर से पल पल मुझ को
पुकारते हो,वो तुम ही हो
तुम हो कृष्ण मुरारी मेरे मैं राधा हूँ
मधुबन में
प्रेम की परिभाषा का वर्णन होगा
मिलन के औसर से
उलझे गी सांसें, मचले मन और
चुनरी खिसके गी सर से
ढूंढे गी बल खाती नागन सुख
अपना इक चंदन में
होंठों के प्याले से छलकी रस
धारा है नाम तेरे
तेरा पल पल नाम है मेरे,मेरी
सुबहो शाम तेरे
पिया बसन्ती रुत आई है हम
दिनों के जीवन मे
तेरे लिए छम छम मैं नाचूं ,और
सोलह श्रृंगार करूँ
कोई न कर पाए इस जग में,तुझ
को इतना प्यार करूँ
बांध रखा है प्रेम की डोरी से मेरे
चंचल मन को
देखती रहती हूं मैं स्नेह से खुद
अपने घर आंगन को
और कहां मैं देखूं, मैं हूं लीन पिया
तेरे दर्शन में

## पतझड़ का पेड़

**प्रेमलता ठाकुर**



पतझड़ का ऐसा पेड़ बनो,
जो दे सबको छांव घनी ,
तन में इसी मजबूती भर,
झंझाओं में सदा रहे तनी !
शब्दों के ऐसे बोल बनो,
जो रहे प्यार से सदा सनी
सारा जग ही अपना हो ,
मन का ऐसा बनो धनी..!
कांटों से घिर कर गुलाब
शिकस्त न करता परिवेशों से
दलदल में पंकज मुस्काए
दर्द नहीं परिदृश्यों की ..!
जिसने पाली ज्योति मन में
पथ उसका ही उजियारा
पर्वत से बहता झरना
निर्मल जल की है धारा,,,!!!!

## ऐसी खुशी दरश में कहाँ मिले

**शशि प्रकाश सिन्हा 'सेवी'**



ऐसी खुशी दरश में कहाँ मिले
जब कुसुम, मौसम में खिलते हैं
अंकुरित होती नैहर द्वारे यवना
खुद को देख देख जब रिझती है
लगाता हैं संसार गले भींच ली
जो सच्चा दर्पण खुद कहता है
यह बेला मधुरिम इतना संवेगपूर्ण
माता में झंकार गर्व समाता है
इस सौंदर्य पूर्ण लाली अब माँ के
सुख संयोग गोद नहीं अंटता हैं
किशोरी के वेग चहक उड़ने की
पाँव धरती पर कहीं ना पड़ता है
कहती हैं पिंजरे से निकाल दो
हर वन उपवन परिंदे सा उड़ना है
कहीं प्रतीक्षा में तन्मय राजकुमार है
जो मेरे सपने में रहता है

## कुछ बातें हमसे किया करो

**नीता सागर चौधरी**



कुछ बातें हमसे किया करो
यूं ना लवों को सिया करो
चाहो तो कह दो आंखों से
यूं ना मुझे तड़पाया करो।
तेरी जूलफे चेहरे पर क्यों है?
यूं बादल में छुपा चांद क्यों हैं?
इन घटाओ को हटा दो जान
यूं ना तुम मुझे तरशाया करो।
तेरी आवाज है या कोई गीत
बस एक बार मुझे पुकारा करो
बरसों से तेरा इंतजार है मुझे
तुम खुद समझ जाया करो।
तरस गए हम दरस को तेरे
अब तो घूंघट सरकाया करो
जी भर के एक बार देखूं तुझे
फिर चाहे सारी उम्र पर्दा करो।
कुछ बातें हमसे किया करो
कभी दिल की सुन लिया करो
तड़पती हो तुम भी मेरे लिए
कभी राजे दिल तुम बयां करो।

## बंद मत करो दरवाजे

**सरिता सिंह**



बंद मत करो दरवाजे,
अभी रात नही हुई है,
बादल घटाओं को घेरे हुए हैं,
अभी बरसात नही हुई है!
क्या पता कड़कड़ाती धूप में कोई
दस्तक दे जाये,
अभी उनकी खत्म पूरी बात नही
हुई है
सुबह की ओस सी ठंडक है जब
वो,
महसूस करो उसे अब भी वो अभी
तक भाप नही हुई है!

## गीतिका

**माधवी उपाध्याय**



जिंदगी का नवल गीत गाया गया,
राज अंतर नयन में छुपाया गयो
दूर तक हमनें उसको पुकारा मगर,
साथ उनसे न अब तक निभाया
गयो
टूटती शाख पर आश की बेलियाँ,
मन टहक टेसुओं से लुभाया गयो
जिंदगी में मुसाफिर हैं हम दोसतों,
फासलों को न अब तक मिटाया
गया
कसक दिल की कभी यूँ न पूछा
करो,
आँसुओं को समंदर बनाया गयो
प्रेम,अनुराग के पुष्प खिलते नहीं
नित्य काँटे हीं हमको चुभाया गयो
सूर्य की रश्मि पहली बनें नारियाँ,
जग अंधेरों को यूँ ही मिटाया गयो
राह काँटों भरी ठान ले 'माधवी'
ना रुके वो कदम जो बढ़ाया गयो

## संधान

**प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'**



आज राम को देखना ,
लगा निशाने तीर ।
आशा किसकी टूटती ,
देख उठी है पीर ।।
मयार्दा रखना सदा ,
देते भगवन ज्ञान ।
प्रत्यंचा पर तीर है ,
करना है संधान ।।
प्रत्यंचा व धर्म धरा ,
साधक साधे ज्ञान ।
पोषित करना धर्म को ,
नित्य राम ही ध्यान ।।
तीर नोंक यूँ जल रहा ,
अपना बचता मान ।
अग्नि बाण संधान है ,
किसकी जाएं जान ।।
देख निशाने पर असुर ,
किए राम संधान ।
न्याय दिलाने के लिए ,
उठा लिया है बान ।।
आओ हम अरज कर लें ,
करें राम हीं ध्यान ।
न्याय धरा पर लाइए ,
मिल जाएगा त्रान ।।

## अन्तर्जाल

**सुखबीर कौर**



कैसा फैलाया विश्व में अन्तर्जाल
का संजाल
हर कोई फस गया इसके जाल
वाह रे !चल दूरभाष यंत्र
संपूर्ण विश्व में चल रहा तुम्हारा
तंत्र
व्हाट्सएप हो या फेसबुक ।
हर प्राणी तुमने किया बुक
छोड़-छाड़ सारे काम काज
हर प्राणी व्यस्त मोबाइल में आज
खा -पीकर मवेशी कर रहे आराम
बच्चों की अम्मा भी छोड़ घर के
काम
चुन लिया क्षेत्र बिल्कुल एकांत
वातावरण भी मिला बिल्कुल शांत
कर रही वीडियो ऐप में वातार्लाप
चेहरे से मिट गए हर संताप
दौड़ पड़ी वह आनन - फानन
रसोई में जल गया पूरा सालन
बोली अब ना बनूंगी तेरी महबूबा
कर ली मैंने अब तौबा -तौबा।

## दोहा

**वीणा नंदिनी**



वर्ष नया यह आंग्ल का,भूलो अब
तो लोग।
नहीं विवशता देश में, छोड़ो अब
सहयोग।।१।।
देश विश्व का गुरु बने, मंजिल
अब नजदीक।
आशा लेकर निज धरा, खोजे फिर
तकनीक।।२।।
निर्भर है निज देश अब,करता
नित्य निवेश।
खामोशी से यूँ बढ़े, सुधर रहा
परदेश।।३।।
मोदी घूमे विश्व में, सर्व जगत
जयकार।
लहर तिरंगा विश्व में, पाते नित
व्यवहार।।४।।
वर्ष मनाओ चैत्र में, दिवस वही
नववर्ष।
बासंती माहौल हो,जन जन में
दिख हर्ष।।५।।

## संक्रांति का संदेश

**सुस्मिता मिश्रा**



तिल कहता है भूल जाओ गोरे
काले का भेद
हम सब तो एक ही हैं काले या
सफेद
रेवड़ियाँ, तिलकुट कहती हैं मीठी
वाणी बोल
कड़वाहट को पीकर वाणी में
अमृत घोल
खट्टे दही में मिलकर गुड़ भर देता
मिठास
अच्छे गुण देकर करो दुष्टों की
बुराई का नाश
ईर्ष्या द्वेश की पतंग काट माटी में
उसे मिलाएँ
सत्य रूपी पतंग का सदा परचम
लहराएँ
दाल चावल हल्दी से बनी खिचड़ी
देती यह संदेश
जाँत पाँत सब भूल मिलजुल कर
बनाओ सुंदर देश

## जिंदगी

**किरण कुमारी 'वर्तनी'**



दौड़ा करती जिंदगी, दुख -सुख
के ही साथ।
ढ़ाल दिया करती हमें ,रंग समय
के हाथ।।
आए जाए हर घड़ी ,आँधी अरु
तूफान।
इससे लड़ना जिंदगी ,रखो वक्ष
को तान।।
पथ में कंटक शत्रु भी, नहीं
बहाओ नीर।
सदा बढ़ाओ पाँव बस, हँसकर
सहलो पीर ।।
खट्टी -मीठी जिंदगी , धूप कभी तो
छाँव।
चार मित्र के संग यह ,लगती
शीतल ठाँव।।

## मैंने कब कहा

**अभिलाषा**



मैंने कब कहा कि
मुझे मुकम्मल जहां दे दो।
मुझे तो बस मेरे ,
हक का आसमां दे दो ।
मैं तिनको को चुनकर ,
घरौंदे बना लूंगी अपना,
बस मुझे मेरे हिस्से की जमीं दे दो।
मुझे पता है कि मुश्किले आएंगी ,
मैं हर बाधाओ को पार कर
जाऊंगी ,
बस मुझे मेरी मुश्किलों से
लड़ने की रजा दे दो।
मेरी ख्वाहिश है
आसमां को छूने की,
बस मुझे मेरी परवाज दे दो।
मैं नहीं मांगती तुमसे मुकम्मल
जहां,
बस मुझे मेरा खुला आकाश दे दो।

## भींग गया मन

**पद्मा प्रसाद 'विन्देश्वरी'**



आत्मविरक्ति या आत्मदाह,
असह्य मानवीय पीड़ा,
मानवता का संहार,
घोर संताप,
हैवानियत शर्मशार,
वहशीपन पर अलगाम,
लगता है !
गंदे दिमाग का खात्मा कर दूँ ।
उद्वेलित व विचलित मन पर,
पूर्ण- विराम लगा दूँ ।
पर कैसे ?
आवश्यकता है ड्ड्..
इंसानी जंग की,
बेदाग बन दागों का जड़ से
खात्मा।
और चाहिए !
मानव का दृष्टगोचर दृष्टिकोण,
अवितरेक निगाहें,
जो पहचान सके,
इंसान रूप में बैठे हैवान व शैतान
को।
निर्लज्ज दुष्टों को,
भयावह मानसिकता वाले आम
आदमी को,
जरूरत है !
अप्राकृतिक हवस व नफरत शांत
करने की,
मानवता भी एक चुनौती बन गई
है।
आवश्यकता हैड्ड
अमानुषित घृणित कुकृत्य पर
टिप्पणियाँ न कर दंडित करने की,
₹एक अद्भुत जागरण₹
सरकार का अत्यंत ठोस कदम
उठाने की,
आखिर कब तक ?
कब तक नीलाम होती रहेगी,
नैतिकता,लज्जा, मासूमों की
ज़िंदगियाँ ......
जागो !!
जागो देशवासियों !!
छोड़ दो गंदी मानसिकता,
दोहन मत कर संस्कारों का,
हैवानियत पर लगा दो
₹ पूर्णविराम ₹।

## यह जो जिंदगी की किताब है

**मनीष सिंह 'वंदन'**



यह जो जिंदगी की किताब है
कभी आदाब, कभी इंकलाब है ।।
हरेक पन्ने की अपनी कहानी है
थोड़ी बंद थोड़ी खुली नकाब है ।।
महबूबा की भूरी आँखों जैसी
थोड़ी दवा है......थोड़ी शराब है ।।
इसको कुछ यूँ समझिए मित्रों
यही वासिल है, यही आसाब है ।।
रंग बदलने की वजह से जिंदगी
कहीं तालाब है कभी दोआब है ।।
सपाटबयानबाजी कभी फैंटेसी
एक सवाल का कई-२ जवाब है ।
मूंगफली के कच्चे दानों सरीखी
थोड़ी अच्छी है, थोड़ी खराब है ।।
और भला क्या-२ कहूँ ₹वंदन₹
बेमिसाल जिंदगी लाजवाब है ।।

## खिले हैं फूल बासंती

**शिप्रा सैनी मौर्या**



खिले हैं फूल बासंती, फि जा का
रंग प्यारा है।
लगे धरती मुहब्बत में, बड़ा
दिलकश नजारा है।
कई परतें छुपाई थी, खुशी की वह
कली कोमल।
खिली जब वह कहा सब ने, उसे
किसने सँवारा है।
कभी सिहरन, कभी उलझन,
अजब है ढंग मौसम का।
निकलती ठंड चकमा दे, सभी ने
जब नकारा है।
गुलाबों की महक बिखरी, चढ़ी
सब पर खुमारी अब।
गुलाबी रंग गालों पर, असर इसका
करारा है।
पतंगों पर लगी बाजी, उड़ानों का
अभी मौसम।
कभी जो कट गयी डोरी, नहीं कोई
सहारा है।

## एक दिन

**आनन्द बाला शर्मा**



एक दिन जो
चुपके चुपके
दबे पाँव आता है
और दे जाता है
सुबह की ताजगी
फूलों की कोमलता
बचपन की उमंग
यौवन की तरंग
खुशी का अहसास
बिखेर देता है
चित्र फलक पर
इन्द्रधनुषी रंग
एक दिन जो
थमा जाता है
जाते जाते
ढलती धूप
उदास शाम
वर्जनाएँ
कुछ अनचुभे डंक
सन्नाटा
और साथ ही
दे जाता है
कभी न लौटने का
सर्द अहसास
और इसी अहसास के
कोहरे में ढकी
एक आशा की किरण
आने वाला एक और दिन।

## तमाम उम्र

**ललन शर्मा**



तमाम उम्र मैं , झुठ बोलता रहा
अबकी बार सच बोला तो
ड्ड्तो लोग बुरा मान गए।
राम मुझमें भी है, तुझमें भी, सबमें
हैं
वापस आये अयोध्या में
ड्ड्.तो लोग बुरा मान गए।
विकास की जद में दब गया मेरा
भी मकान
मैं विपक्ष मे आ गया तो
ड्. लोग बुरा मान गए।
उनके नए वादों से, दब गये पुराने
वादें
मैंने नोटा दबाया
ड्.तो लोग बुरा मान गए।

## सुभाष चन्द्र बोस

**पद्मा मिश्रा**



देश को सुभाष सा ही नौनिहाल
चाहिए,
जागरण का गीत बन जले हमारी
साधना में ,
सोच को पुनीत क्रांति की मशाल
चाहिए,
जो झुका सके महान -शक्तियों को
राह में ,
देश को सुभाष सा ही नौनिहाल
चाहिए,
घिर रही थीं आंधियां,स्वदेश के
विहान में ,
श्रृंखला में कैद थी,माँ भारती की
चाहतें ,
स्वतंत्रता की ज्योति को नूतन
प्रकाश चाहिए
देश को सुभाष सा ही नौनिहाल
चाहिए,
जिसको न ग्राह्यथी कभी,दासता
की सोच भी,
जिसकी दृढ़ पुकार में,था
स्वाभिमान ,रोष भी,
फिर उसी पुकार में, उग्र ज्वाल
चाहिए,
देश को सुभाष सा ही नौनिहाल
चाहिए,
तुमने दी आवाज,सब चले ,मिला
कदम -कदम,
गूंजे फिर' जय हिन्द' की पुकार
,बाजुओं में दम,
आज फिर आह्वान में,गर्जन कराल
चाहिए,
देश को सुभाष सा ही नौनिहाल
चाहिए,
नारीयों को मात -सम,गौरव दिया
,सम्मान भी,
नूतन, सृजन निर्माण का,सपना
दिया, ललकार भी,
हौसलों में दम लिए ,वारिधि
विशाल चाहिए
देश को सुभाष सा ही नौनिहाल
चाहिए,
चाहिए भगत की सिंह -नाद जैसी
गर्जना,
बस एक 'साथ' चाहिए, हृदय
विशाल चाहिए
देश को सुभाष सा ही नौनिहाल
चाहिए